पवित्र श्रावण मास (द्वितीय) के प्रथम सोमवार की आप सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ ।।
निष्पक्ष कलम – निर्भीक आवाज

RNI : RAJHIN13216/2005

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय




वर्षः 18 | अंकः 10 | पेजः 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, सोमवार 7 अगस्त, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com

# जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी-ठेकेदार एसीबी ने किए ट्रैप

## एक्सईएन, एईएन, ठेकेदार एवं प्राइवेट व्यक्ति 2 लाख 20 हजार की रिश्वत लेते और देते हुए ट्रैप

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जयपुर एसीबी ने आज जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशासी अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, ठेकेदार एवं दो अन्य व्यक्तियों को 2 लाख 20 हजार की रिश्वत राशि के साथ में गिरफ्तार किया। एसीबी ने यह कार्रवाई सिंधी कैम्प स्थित एक निजी होटल पर हो रही डील के दौरान की। रिश्वत की राशि लेने और देने के दौरान पकड़े गए आरोपियों की गाड़ियों में सर्च के दौरान एसीबी के अधिकारियों को 5 लाख 40 हजार रुपए और मिले। जिस पर एसीबी के अन्य ठीम जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी और ठेकेदार के घरों पर सर्च कर रही हैं। एसीबी ने इस ट्रैप के दौरान अधिशासी अभियंता मायालाल सैनी, बहरोड़ पी.एच.ई.डी में कनिष्ठ अभियंता प्रदीप, ठेकेदार पदमचंद जैन, मलकेत सिंह सुपर



वाईजर कम्पनी, प्रवीण कुमार प्राईवेट व्यक्ति को 2 लाख 20 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते-देते पकड़ा है। एडीजी एसीबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी के पास में कई समय से इन अधिकारियों और ठेकेदार की जानकारी थी। इस पर इन के मोबाइल को सर्वलांस पर रखा हुआ था। जानकारी मिली की आज ये लोग एक डील करने के लिए सिंधी कैम्प के पास एक होटल में आएंगे। इस पर एसीबी की टीम ने पहले से वहां पर जाल बिछा दया था जब ये सब लोग पैसों की डील कर रहे थे उसी दौरान ऑपरेशन शुरू हुआ और पैसा लेते हुए दोनों सरकारी अधिकारी ट्रैप हुए साथ ही पैसा देते हुए ठेकेदार और प्राइवेट आदमी को गिरफ्तार किया गया। यह रिश्वत राशि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वृत बहरोड़ में करवाये गये निर्माण कार्यों के बकाया बिलों को पास करने की एवज में मायालाल सैनी अधिशासी अभियंता, बहरोड पी.एच.ई.डी. प्रदीप कनिष्ठ अभियंता वृत - नीमराना जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ले रहे थे जिसे फर्म के ठेकेदार पदम चंद जैन और प्राइवेट आदमी दे रहा था। आरोपियों के आवास एवं ठिकानों पर एसीबी की विभिन्न टीमों द्वारा तलाशी अभियान जारी है। एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

### आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उनके आवास पर चल रहा सर्च

मायाराम सैनी और प्रदीप के जयपुर और अन्य ठिकानों पर एसीबी की टीमें सर्च कर रही हैं। एसीबी के अंदेशा है कि इन अधिकारियों के घर से बड़ी संख्या में अकूत सम्पत्ति एसीबी को मिल सकती हैं। जानकार सूत्रों की माने तो इस कार्रवाई की आंच राजस्थान के एक बड़े मंत्री तक भी आ सकती हैं क्यों की बताया जा रहा है की ठेकेदार पदमचंद जैन इन मंत्री का खास आदमी हैं। जलदाय विभाग के अधिकांश ठेके इसी के नाम होते हैं। एसीबी को पदम चंद के तीन ठिकानों पर कई दस्तावेज और सरकारी फाइले मिली हैं।

## नूंह हिंसाः AAP नेता पर FIR बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या का आरोप

### *जहां से पत्थरबाजी हुई, वो होटल गिराया गया*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में हिंसा के दौरान जिस सहारा होटल से पत्थरबाजी की गई थी, प्रशासन ने उसे गिरा दिया है। रविवार को कड़ी पुलिस सुरक्षा में इस होटल पर बुलडोजर चलाकर पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। रविवार को लगातार तीसरे दिन नूंह में अवैध निर्माण हटाए जा रहे हैं। पुलिस और प्रशासन का कहना है कि ये सब 31 जुलाई की हिंसा में शामिल दंगाइयों के हैं या इनका दंगा फैलाने में इस्तेमाल हुआ।



वहीं, नूंह हिंसा के दौरान गुरुग्राम के प्रदीप शर्मा की मौत के मामले में पुलिस ने आम आदमी पार्टी के नेता जावेद अहमद समेत 150 लोगों पर हत्या की FIR दर्ज की है। यह केस गुरुग्राम के सोहना में दर्ज कराया गया है। हालांकि जावेद का कहना है कि ये केस गलत है, वे उस दिन इलाके में थे ही नहीं। जावेद पर दर्ज FIR में पवन ने बताया- 31 जुलाई की रात 10.30 बजे हम कार में नूंह से सोहना जा रहे थे। बीच में नूंह पुलिस ने मदद करते हुए हमें KMP हाईवे तक छोड़ा। हमें कहा कि आगे रास्ता साफ है, निकल जाओ।हम निरंकारी कॉलेज के पास पहुंचे तो वहां 150 लोग खड़े थे। उनके हाथ में पत्थर, लोहे की राड और पिस्टल थे। वहां जावेद भी था। उसके कहने पर उग्र भीड़ ने हम पर हमला कर दिया। हमारी कार पर पत्थर मारे। जिससे कार बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराई। मैं कार से नीचे उतरा तो जावेद ने कहा कि इन्हें मार दो। जो होगा, मैं संभाल लूंगा। ये सुनकर 20-25 लोगों ने हम पर अटैक कर दिया। उन्होंने प्रदीप और गनपत को पीटना शुरू कर दिया। मेरे सामने प्रदीप के सिर पर लोहे की राड मारी। जिससे वह नीचे गिर पड़ा। गोलियां चलनी शुरू हुईं तो पुलिस वहां आ गई। वे मुझे व गनपत को भीड़ से निकाल ले गए और प्रदीप को भीड़ सरिये से मारती रही। उसे नाजुक हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

## जयपुर नगर निगम हेरिटेज को जल्द मिल सकता है नया मेयर! पसंदीदा मेयर बनाने की जुगत में जुटे हुए विधायक

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने जयपुर नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर को सस्पेंड कर दिया है। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मेयर मुनेश गुर्जर के घर छापेमारी के बाद शनिवार देर रात 1:45 पर स्वायत्त शासन विभाग ने उन्हें निलंबन के आदेश जारी किए।




**कार्यवाहक मेयर लगाने की तैयारी शुरूः** वहीं, अब इस पूरे घटनाक्रम के साथ ही नगर निगम हेरिटेज में कार्यवाहक मेयर लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। जयपुर हेरिटेज के पार्षदों ने मेयर बनने के लिए लॉबिंग शुरू कर दी है। इतना ही नहीं बल्कि, पार्षदों के साथ विधायक भी अपने पसंदीदा पार्षद को मेयर बनाने की जुगत में जुटे हुए हैं। उम्मीद है कि इस सप्ताह ही जयपुर नगर निगम को कार्यवाहक मेयर मिल सकता है। जिसमें नसरीन बानो और सुनीता महावर का नाम प्रमुखता से चल रहा है। वहीं, डिप्टी मेयर के पद पर भी बदलाव होने की पूरी संभावना है। उधर, भाजपा पार्षदों ने भी आगामी रणनीति बनाने के लिए बैठक की। वहीं, उपमहापौर पुनीत कर्नावट ने भी महापौर पर निशाना साधा।

**एसीबी ने मेयर के पति और दो दलालों को किया गिरफ्तारः** बता दें कि जयपुर एसीबी टीम ने मेयर के पति सुशील गुर्जर और दो दलालों को गिरफ्तार किया था। सुशील पर पट्?टे बनाने की एवज में 2 लाख रुपए की घूस मांगने का आरोप है। इस दौरान मेयर मुनेश गुर्जर के उनके घर से 41 लाख से ज्यादा की नकदी भी बरामद हुई है। ऐसे में माना जा रहा है कि एसीबी की टीम जल्द ही मेयर मुनेश से भी पूछताछ कर सकती है। वहीं, कार्रवाई के दौरान परिवादी के पट्टे की फाइल भी मेयर निवास से मिली है, मेयर मुनेश गुर्जर उस समय घर पर मौजूद थीं। उनकी मौजूदगी में मेयर पति ने 2 लाख रुपए की रिश्वत ली थी।

## मणिपुर में KPA ने सरकार से समर्थन वापस लियाः 60 सदस्यों वाली विधानसभा में पार्टी के 2 विधायक, बहुमत पर असर नहीं

इंफाल। मणिपुर में NDA की सहयोगी कुकी पीपुल्स अलायंस ने राज्य की एन बीरेन सिंह सरकार से रविवार (6 अगस्त) को समर्थन वापस ले लिया। KPA के राज्य में दो विधायक हैं। हालांकि इससे सरकार के बहुमत पर कोई असर नहीं होगा। 60 सदस्यों वाली विधानसभा में भाजपा के 37 विधायक हैं।

KPA जनरल सेक्रेटरी हानसिंह ने बताया कि मणिपुर के हालातों को देखते हुए हमने बीरेन सिंह सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। हमने गर्वनर को लेटर लिख दिया है। हम BJP सरकार को बाहर से समर्थन कर रहे थे। हम सरकार का हिस्सा नहीं थे। अब हम खुद को मणिपुर से एसोसिएट नहीं करते, हम अलग हैं।



### मंदिर शैली के 20 से ज्यादा आले भी मिले; दीवारों की 3-डी फोटोग्राफी हुई

# ज्ञानवापी की गुंबद में अरक को मिलीं कई डिजाइनें







सितारा न्यूज नेटवर्क

**वाराणसी।** ज्ञानवापी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (अरक) का चौथे दिन का सर्वे पूरा हो गया। चौथे दिन अरक टीम को गुंबदों के सर्वे के दौरान गोलाकार छत में कई डिजाइनें मिली हैं। हॉल में ही तीनों गुंबद सीलिंग में टीम को कई डिजाइनें दिखीं। इनकी एक-एक करके फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई गई। इस हॉल में अब तक मंदिरों में दिखने वाले 20 से अधिक आले (दीवार में बनी अलमारी, इसे पूर्वांचल में ताखे कहते हैं) भी दिखे हैं। आलों की संरचना और उनके आसपास उभरे चिह्नों की 3-ऊमैपिंग भी हुई। हिंदू पक्ष ने कहा कि हम आगे बढ़ रहे हैं। गुंबद के पूरे सर्वे में अभी समय लगेगा, मगर सीलिंग की डिजाइन ने हमारा उत्साह बढ़ा दिया है।

रकने रविवार सुबह सबसे पहले मुस्लिम पक्ष से चाबी लेकर व्यास तहखाने का ताला खुलवाया। सफाई करवाई और एग्जॉस्ट लगवाए। इसके बाद सर्वे शुरू किया। ज्ञानवापी के सर्वे 4 अगस्त से जारी है। इससे पहले 24 जुलाई को सर्वे हुआ था। अरक उसे पहले दिन का सर्वे मान रही है। इस हिसाब से चार दिन का सर्वे हो चुका है। ज्ञानवापी के तीनों गुंबदों और परिसर का सर्वे हुआ। अरक ने व्यास तहखाने में पैमाइश की। दीवारों की 3-डी फोटोग्राफी, स्कैनिंग करवाई। चार्ट में दीवारों पर मिली कलाकृतियों के पॉइंट्स नोट किए। कानपुर आईआईटी के दो ऋढ़फ एक्सपर्ट भी सर्वे टीम के साथ थे। बताया जा रहा है कि एक-दो दिन में ऋढ़फमशीन से सर्वे शुरू हो सकता है।

टीम ने 12.30 बजे लंच और नमाज के लिए ब्रेक लिया। 2.30 बजे से दोबारा सर्वे शुरू किया गया। इसके बाद शाम 5 बजे तक सर्वे का काम हुआ। मुस्लिम पक्ष ने जल्द ही मुख्य तहखाने की चाबी देने की बात कही है।

**मुस्लिम पक्ष बोला- अरक टीम पर दबाव बना रहा हिंदू पक्ष**

अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के संयुक्त सचिव एसएम यासीन ने दैनिक भास्कर से फोन पर कहा- अरकटीम पर दबाव बनाने के लिए हिंदू पक्ष के वादी बयानबाजी कर रहे हैं। प्रशासन को हिंदू पक्ष के वादियों की बयानबाजी पर नजर रखनी चाहिए। हिंदू पक्ष के वादियों के बयानों पर रोक न लगी तो कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेंगे।

पूरी ज्ञानवापी बिल्डिंग को एक बार में देखने के लिए सैटेलाइट के जरिए 3ऊइमैजिनेशन तैयार किया जा रहा है। इसमें टीम दीवारों की 3ऊ इमेजिंग, मैपिंग और स्क्रीनिंग भी करेगी। रविवार को अरकसे 58 लोग, हिंदू पक्ष से 8 लोग और मुस्लिम पक्ष से 3 लोग मौजूद हैं। वहीं, जिला कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। अजय कुमार विश्वेश की अदालत ने आदेश दिया कि अरकको अपनी सर्वे रिपोर्ट 2 सितंबर तक सब्मिट करनी होगी।

**हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा- जांच लंबी चलेगी**

हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा, "शनिवार को पश्चिमी दीवार का अध्ययन किया गया। मैंने केंद्रीय गुंबद के नीचे एक खोखली जगह से आवाज आने को पॉइंट आउट किया। इसका सर्वे किया जा रहा है। केंद्रीय गुंबद के बगल का एक क्षेत्र जो ढंका है, उसका सर्वे किया जा रहा है। यह लंबा चलेगा।" जैन ने कहा था कि रविवार को व्यासजी का तहखाना खोला जाएगा। तहखाना साफ कर दिया गया है।

वहीं, हिंदू पक्ष की महिलाओं ने कहा कि हम मस्जिद के अंदर नहीं जा रहे, क्योंकि महिलाएं मस्जिद में नहीं जाती हैं। हमें उम्मीद है कि इस सर्वे से बहुत कुछ साफ हो जाएगा। यहां बहुत कुछ ऐसे चिह्न, मूर्ति हैं जो बता रहे कि यहां हिंदू मंदिर था।

## 'मिशन रिपीट' के तहत कांग्रेस बदलना चाहती है इतिहास

### *सितंबर में जारी होगी उम्मीदवारों की लिस्ट*



सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। दोनों ही पार्टियां जोर-शोर से तैयारियों में जुट गई हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अभी से काफी सक्रिय हो गए हैं और सरकार को रिपीट करने की जुगत में लगे हैं। इस बीच खबरें आ रही है कि सितंबर में कांग्रेस सरकार अपने उम्मीदवारों की 2 लिस्ट जारी करेगी, जिसमें 100 उम्मीदवारों के नामों से पर्दा उठ जाएगा। पहली सूची में 45 से 50 और दूसरी लिस्ट में 40 से 45 उम्मीदवारों का नाम हो सकता है। चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं।

### 30 साल के इतिहास बदलने की तैयारी में

राजस्थान में पिछले 30 साल में कोई भी सरकार रिपीट नहीं हुई है, लेकिन इस बार ह्यमिशन रिपीटह्ल के तहत कांग्रेस सरकार इस इतिहास को पलटने का मन बना चुकी है। चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस सरकार भाजपा से काफी आगे है। कांग्रेस ने लगभग अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कांग्रेस सरकार सितंबर में अपने कैंडिडेट्स की दो लिस्ट जारी करेंगी। पहली लिस्ट में कांग्रेस के मजबूत नेताओं का नाम शामिल होगाा तो दूसरी लिस्ट में उन नेताओं के नाम शामिल हो सकते हैं जहां से पार्टी को दो या तीन बार हार का सामना करना पड़ा है। सितंबर में इन लिस्टों को जारी करने के पीछे पार्टी का उद्देश्य है कि कैंडिडेट्स को चुनाव से पहले प्रचार-प्रसार के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

कांग्रेस पार्टी का सितंबर में उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करने के पीछे का मुख्य मकसद यह है कि जिस सीट पर पार्टी को 2 या 3 बार हार सामना करना पड़ा है उन उम्मीदवारों को जनता तक अपनी पहुंच बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा समय मिल सके। समय रहते उम्मीदवार घर-घर जाकर लोगों से डायरेक्ट रूबरू होकर अपनी पैठ बनाएं और सीट को निकालने में कामयाब हो सकें। इसलिए कांग्रेस पार्टी मिशन रिपीट के तहत तरह-तरह के एक्सपेरिमेंट करने में जुटी है।

### *चित्तौड़गढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई,*

## 1.40 करोड़ रुपए का अफीम डोडा पकड़ा, 3 आरोपी गिरफ्तार



**जयपुर।** राजस्थान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सीआईडी क्राइम ब्रांच जयपुर ने चित्तौड़गढ़ में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जयपुर सीआईडी क्राइम ब्रांच ने चित्तौड़गढ़ के थाना निकुंभ एवं सदर थाना क्षेत्र में पुलिस ने 3 अलग-अलग कार्रवाई करते 1.40 करोड़ रुपए का अफीम डोडा जब्त किया है। क्राइम ब्रांच ने ट्रक से 13 क्विंटल 77 किलो अफीम डोडा बरामद किया है। क्राइम ब्रांच टीम ने कार्रवाई में तीन तस्कर गिरफ्तार कर एक नाबालिक को निरुद्ध किया गया।

एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि सीआईडी क्राइम ब्रांच के एएसआई बनवारीलाल, हैडकांस्टेबल राकेश, महावीर सिंह और कांस्टेबल रमेश को मुखबिर से सूचना मिली थी। जिसके बाद एएसपी आशाराम चौधरी और संजीव भटनागर के सुपर विजन में इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत द्वारा जानकारी को पुख्ता करवाया।

जिसके बाद जयपुर क्राइम ब्रांच टीम ने चित्तौड़गढ़ जिले के थाना निकुंभ और थाना सदर क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध 3 अलग-अलग कार्रवाई की। सदर थाना क्षेत्र में पुलिस ने नई गाड़ियों को परिवहन कर रहे एक ट्रेलर को रोककर कारों की आड़ में 45 कट्टों में भर तस्करी कर ले जाया जा रहा 880 किलोग्राम अफीम डोडा चूरा जब्त किया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक जितेन पुत्र हीरा लाल निवासी कालिया खेड़ी मंदसौर को गिरफ्तार किया। साथ ही एक नाबालिक को निरुद्ध किया गया। पुलिस की पूछताछ में चालक ने बताया कि टेलर में 6 कारें तमिलनाडु से जयपुर के लिए निकली थी। आरोपी ट्रक चालक जितेन और उसके खलासी नाबालिग ने एमपी के मंदसौर से 45 कट्टों में अफीम डोडा चूरा भरा, जिसे भीलवाड़ा सप्लाई किया जाना था। उससे पहले क्राइम ब्रांच की सूचना पर चित्तौड़गढ़ में पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने मादक पदार्थ की परिवहन में प्रयुक्त ट्रेलर को जब्त कर लिया है।

## जयपुर में लगे लाल डायरी के पोस्टर




**जयपुर।** लाल डायरी का मुद्दा अब जोर पकड़ने लगा हैं। बीजेपी जहां लगातार कांग्रेस सरकार को इस मुद्दे पर घेर रही है। वहीं अब जयपुर शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में लाल डायरी के पोस्टर लगे हुए नजर आ रहे हैं। इन पोस्टर पर लिखा है 'महाभ्रष्ट कांग्रेस सरकार की लाल डायरी।' यह पोस्टर किसने लगवाए, यह तो सामने नहीं आया हैं। बीजेपी मीडिया प्रकोष्ठ ने पोस्टर के वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं।

क्षेत्र का नं. 1 अखबार हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

अपना शहर | गरीबों का सितारा | जयपुर

सोमवार, 7 अगस्त, 2023




पूर्वानुमान> 28°

| | सोम | मंगल | बुध | गुरु |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 33°c | 32°c | 31°c | 31°c |
| न्यूनतम> | 27°c | 27°c | 26°c | 26°c |

## क्षेत्र में पहली बार आई खुशहाली : प्रधान हिमांशु अवाना

# पूरी विधानसभा में बिना किसी भेदभाव के प्राथमिकता के आधार पर विकास काम करवाएं : अवाना





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**उच्चैन।** पंचायत समिति के गाँव नेकपुर में बंजारा समाज द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अथिति देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष व नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना रहे और और विशिष्ट अतिथि उच्चैन पंचायत समिति के प्रधान हिमाशु अवाना रहे विधायक और प्रधान का ग्रामीणों ने ढोल नंगडो के साथ भव्य स्वागत किया उसके बाद 51 मीटर का साफा व 51 किलो की बड़ी माला पहना कर गर्म जोशी के साथ अतिथियों का स्वागत किया और क्षेत्र में कराये गए विकास को लेकर आभार प्रकट किया वही लोक कलाकारों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किये गए सम्मान समारोह में पुरुषों के साथ महीलाओ ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जिसके बाद बाहर से आये हुए गणमान्य लोगों ने अपने अपने विचार रखे जिसके बाद प्रधान हिमाशु ने समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा की माननीय विधायक महोदय की विशेष अनुशंसा से अब शहरी तर्ज पर ही ग्रामीण परिवेश में विकास हो रहे हर जरूरत वाला विकास हुआ है पूरी उच्चैन पंचायत समिति का एक भी ऐसा व्यक्ति नही है जिसको कोई भी कार्य कराने में समय लगा हो हर किसी का कार्य समय पर पूर्ण हो रहे है आज जिस पंचायत समिति का आपके आशीर्वाद से मुझे प्रधान बनने का मौका मिला है वह भी विधायक साहब की ही देन है क्योंकि यह वही उच्चैन है जो पहले ग्राम पंचायत हुआ करती थी परंतु विधायक महोदय ने उसी ग्राम पंचायत को मिनी सचिवालय बना दिया है आज ब्लॉक लेवल सहित बड़े बड़े अधिकारी उच्चैन में बैठने लग गए है जिससे आपके सभी कागजी कार्य समय पर पूर्ण हो रहे है आपको अपने काम के लिए पहले की तरह बयाना या भरतपुर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है वही विधायक अवाना ने सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद बंजारा समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा की मुझे विधायक बनाने में आपकी अहम भूमिका रही है और जिस देवनारायण बोर्ड का अध्यक्ष आपके आशीर्वाद से मुख्यमंत्री साहब ने मुझे बनाया गया है उसमें एक जाति बंजारा समाज की भी आती है हम सब एक है और जनप्रतिनिधि किसी एक जाति या धर्म का नहीं होता वह सभी का होता है इसी उद्देश्य को देखते हुए मैंने पिछले 4 साल में पूरी नदबई विधानसभा में बिना किसी भेदभाव के विकास को प्राथमिकता दी है हर वह विकास कार्य कराये है जो पिछले 50 साल से नदबई क्षेत्र में नहीं हुए थे मैं हमेशा आपके हर सुख दुख में शामिल रहता हूं अभी हाल ही में मुझे बंजारा समाज के मौजूदा लोगों ने लक्खी शाह बंजारा बोर्ड के गठन करवाने की मांग की थी जिसको मैंने गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री महोदय को पत्र लिख दिया है और जल्दी मुख्यमंत्री महोदय मेरे पत्र पर विचार करेंगे क्योंकि मुख्यमंत्री महोदय की विशेष कृपा मेरे ऊपर बनी हुई है मैंने अब तक उनसे जो भी मांगा है उन्होंने उससे ज्यादा देने का काम किया है और क्षेत्र में जो भी विकास हुआ है वह आपके सामने है आप मुझे कोई भी विकास कार्य बताएं उसको पूरा करना मेरी जिम्मेदारी है विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी वही ग्रामीणों ने विधायक को गांव में रास्ते की समस्या सहित अपनी मूल भूत समस्याओं से अवगत कराया जिस पर विधायक ने गंभीरता से लेते हुए मौजूद प्रधान हिमांशु को निर्देशित करके जल्द से जल्द रास्ते का कार्य चालू करवाने के निर्देश और ग्रामीणों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया इस मौके पर बंजारा प्रतिष्ठान राष्ट्रीय अध्यक्ष ओंकार अभा, सरपंच परसादिलाल जाटव, अंगद सिंह प्रवक्ता आर एल डी, प.स.स. अशोक बंजारा, सरपंच संघ अध्यक्ष महेंद्र गुर्जर, धुपनसिंह बंजारा जहाँगीरपुर, प.स.स. ओमबीर मदेरणा,मुकेश कुमार ,राजपाल,छोटेलाल, सुरजीत बंजारा, अजय सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में महिला व पुरुष मौजूद रहे ।

**शहरों की तर्ज पर गांव का किया जा रहा है विकास**

## पंचाग

दिनांक: 07 अगस्त 2023 सोमवार

विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन कृष्ण पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | सप्तमी | 28:13:42 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | अश्विनी | 25:15:07 |
| योग | शूल | 18:14:43 |
| करण | विष्टि भद्र | 16:41:06 |
| करण | बव | 28:13:42 |
| चन्द्र राशि | मेष | |
| सूर्य राशि | मिथुन | |
| दिशा शूल | पूर्व | |
| सूर्योदय( जयपुर ) | | 05:55:19 |
| सूर्यास्त | 19:09:40 | |
| चंद्रोदय | 23:08:07 | |
| चंद्रास्त | 11:39:35 | |
| राहू काल | 07:35 - 09:14 | |
| अभिजित | 12:06 - 12:59 | |

**शुभ चोघडिया**

| | | |
|---|---|---|
| अमृत | 05:55 - 07:35 | शुभ |
| शुभ | 09:14 - 10:53 | शुभ |
| चर | 14:12 - 15:51 | शुभ |
| लाभ | 15:51 - 17:30 | शुभ |
| अमृत | 17:30 - 19:10 | शुभ |



ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

### न्याय हेतु संघर्ष...

## जमानत के बाद रिहा हुए छात्र नेता विनोद भूदोली व देव पलसानिया

### विनोद भूदोली राजस्थान यूनिवर्सिटी में आज करेंगे प्रेस कॉन्फ्रेंस



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** महारानी महाविद्यालय के सामने भीलवाड़ा में तोला गुर्जर के साथ हुई घटना के विरोध में हुए भट्टी कांड को लेकर आक्रोशित छात्राओं के साथ राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के छात्र नेता विनोद भूदोली व एबीवीपी से देव पलसानिया को पुलिस ने शनिवार को हिरासत में लिया था। रविवार को देर शाम सेशन कोर्ट में कार्यपालक मजिस्ट्रेट ने 6 माह के लिए पाबंद कर जमानत पर रिहा किया गया। छात्र नेता विनोद भूदोली ने बताया कि भीलवाड़ा जैसी मानवता को शर्मशार करने वाली घटनाओं के विरोध में व बहिनों के सम्मान में न्याय की मांग करना कोई अपराध नहीं है लेकिन जिस प्रकार से नारी हत्याचार की आवाज बुलंद करते समय महिला पुलिस कर्मियो द्वारा मेरे लात घूसें मारना बहुत निंदनीय है। मीडिया प्रभारी ने जानकारी दी कि आज 12 बजें स्वामी विवेकानंद गार्डन राजस्थान विश्वविद्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ ओलम्पिक खेलों का शुभारम्भ

**सितारा न्यूज नेटवर्क**




**बाडी/अंकित गोयल ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गढ़ी खिराना बाड़ी में ओलंपिक 2023 का शुभारंभ सरपंच रामबेटी के कर कमलों द्वारा किया गया ।इस अवसर पर पूरी पंचायत क्षेत्र से लगभग 400 से 500 के बीच ग्रामीण जन एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे ।उपस्थित खिलाड़ियों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई टी शर्ट का वितरण किया गया तथा साथ ही महिला कबड्डी एवं पुरुष कबड्डी की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन कुमार भारद्वाज व्याख्याता द्वारा की गई इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी प्रशांत कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे मंच संचालन जावेद खान वरिष्ठ अध्यापक द्वारा किया गया कार्यक्रम में ग्राम पंचायत क्षेत्र के अध्यापक भगवान सहाय लाखंती जगन सिंह भीकम सिंह यादव चंद गुप्ता प्रदीप सिंह कंसाना विमल कुमार बंसल सुरेश चंद रेखा गुर्जर कल्पना अग्रवाल ऋषिकेश मीणा उपस्थित रहे मुख्य शारीरिक शिक्षक राम अवतार सिंह परमार एवं खेल प्रभारी हंस राम मीणा रहे पीईईओ शशि कुमार कुलश्रेष्ठ ने उपस्थित समस्त ग्रामवासी एवं खिलाड़ी छात्र-छात्राओं तथा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का बहुत-बहुत धन्यवाद दिया ।

## अनुपम छवि : महालक्ष्मी मंदिर में महाआरती का आयोजन

### माता लक्ष्मी की सजी फूल बंगला झांकी

**सितारा न्यूज नेटवर्क**



**ज्योति गुप्ता/जयपुर।** ठिकाना चांदी की टकसाल स्थित प्राचीन महालक्ष्मी मंदिर में महाआरती का आयोजन हुआ महंत राजेंद्र शर्मा ने बताया कि माता रानी की झांकी सजाई गई। प्रातः माता लक्ष्मी का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण करा कर भव्य फूल बंगला झांकी सजाई गई। माता को सुहाग की वस्तुएं भेंट की गई माता को ठंडे व्यंजनों का भोग लगाया 101 दीपको, व शंख, झांझ, मंजीरे के साथ महालक्ष्मी की महाआरती हुई। इस मौके पर विकास कुमार शर्मा, कमल किशोर सोनी, कमल सोनी, महेश सोनी, उमेश, दिनेश सोनी गिरिराज सोनी मनीष सभी माता महालक्ष्मी भक्त महालक्ष्मी मन्दिर महिला मित्र मंडल श्रद्धालु ने महालक्ष्मी की महाआरती में शिरकत कर देश प्रदेश में खुशहाली की और कामना की। महाआरती के पश्चात सभी भक्तों को माता का प्रसाद वितरित किया गया।

## समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना मेरा प्रमुख लक्ष्य: राकेश बैरवा



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**युवराज शर्मा / अलवर ।** कठूमर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से अपनी मजबूत दावेदारी जता रहे अलवर कांग्रेस जिला महासचिव एवं बीसूका सदस्य राकेश बैरवा ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र की पंचायत कठूमर, खेरली रेल, अरूवा सहित दर्जना गांवों का दौरा कर सघन जनसम्पर्क किया। बैरवा ने कहा कि पार्टी ने यदि मौका दिया तो कठूमर विधानसभा क्षेत्र से विधायक नहीं आमजन का बेटा बहुमत से जीत हासिल कर आमजन की सेवा करेगा। उन्होंने कहा कि कठूमर विधानसभा क्षेत्र की सभी गांवों-ढाणियों में अंतिम छोर पर बैठे प्रत्येक व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा से जोडना उनका प्रमुख लक्ष्य है। बैरवा ने जनसम्पर्क के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा प्रदेशवासियों के हित में संचालित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। इस अवसर पर कठूमर नवयुवक मंडल द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर का छायाचित्र उन्हें सौंप कर आमजन द्वारा विभिन्न स्थानों पर साफा व माला पहनाकर स्वागत किया।

## अजमेर ,मारवाड़ और मेवाड़ के भूभागों को मिलाकर ब्यावर को जिले का स्वरूप प्रदान एक अनमोल सौगात: डॉ नरेंद्र पारख

**सितारा न्यूज नेटवर्क**



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** वर्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख ने बताया की अजमेर , मारवाड़ और मेवाड़ के भूभागों को मिलाकर ब्यावर को जिले का स्वरूप प्रदान करते हुए माननीय मुख्य मंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान के गौरवमयी इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय और जोड़ दिया है। नवगठित जिले की संस्कृति में जहां अजमेर के शिक्षा का अग्रणी स्वरूप देखने को मिलेगा , वहीं मारवाड़ के रणबांकुरों का बलिदान भी देखने को मिलेगा , जिन्होंने दिल्ली के बादशाह शेरशाह सूरी को यह कहने के लिए मजबूर कर दिया था " खुदा की इनायत रही वर्ना मुठ्ठी भर बाजरी के लिए दिल्ली की सल्तनत खो बैठता।" और मेवाड़ की पावन धरा का स्वाभिमान , त्याग एवं बलिदान " हूं भूख मरूं या प्यास मरूं , मेवाड़ धरा आजाद रहे । हूं घोर उजाड़ां में भटकूं , पण मन में मां की याद रहे ।" का संदेश भी सुनाई देता रहेगा अपने 66 वर्ष के लंबे और निरंतर संघर्ष के बाद इस धार्मिक और औद्योगिक नगर को जिले का गौरव अंतोतगत्वा यशस्वी मुख्य मंत्री श्री गहलोत के हाथों ही मिला है। इस उपलब्धि से न केवल ब्यावर क्षेत्र के बल्कि मसूदा , बिजयनगर , टाटगढ , जैतारण , रायपुर , बदनौर क्षेत्र के निवासी भी गौरवान्वित हैं। जिले के इस नवगठन से संबंधित क्षेत्रों के निवासियों को निःसंदेह प्रशासनिक सुविधाएं शीघ्र तथा आसानी से उपलब्ध होंगी , जन सुरक्षा की व्यवस्थाएं पुख्ता एवं मजबूत होंगी , चिकित्सा सेवाओं और शिक्षा सेवाओं को वृद्धि एवं गति मिलेगी , रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे तो आम जन को न्याय प्रक्रियाओं में राहत भी शीघ्र मिलेगी नवगठित ब्यावर जिले के सभी निवासी इस अनमोल सौगात के लिए वर्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख ने जननायक श्री गहलोत का अंतर्मन से अनन्त आभार व्यक्त करते हैं तथा उनके मंगलमय जीवन की कामना की है ।

## नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों ने विभिन्न मांगों को लेकर पीसीसी चीफ डोटासरा और फतेहपुर विधायक हाकम अली को दिया ज्ञापन

***दोनों विधायकों ने राज्य सरकार के स्तर पर चर्चा कर बहुत जल्द ही समस्याओं का समाधान करने के लिए स्वयंसेवकों को दिया आश्वासन***

**सितारा न्यूज नेटवर्क**




**सीकर (लोकेश सैन)।** नागरिक सुरक्षा विभाग सीकर के स्वयंसेवकों ने रविवार को पीसीसी चीफ एवं लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा और फतेहपुर विधायक हाकम अली को सिविल डिफेंस की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को होमगार्ड कार्मिकों के समान सुविधा देने, राजस्थान कॉन्ट्रैक्टूअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट के कैडर में सम्मिलित करने, सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों को संविदा में लेकर 12 माह ड्यूटी देने, स्वयंसेवकों की वर्दी कोड सुनिश्चित करने, स्वयंसेवकों को एस.डी.आर.एफ. के कार्य समान सुविधा देने, तीन साल में सदस्यता का नवीनीकरण में संशोधन कर होमगार्ड की भांति 15 वर्ष किए जाने, सिविल डिफेंस स्वयंसेवक को राजस्थान की रोडवेज बसों में होमगार्ड की भांति किराये पर छूट दिए जाने, सिविल डिफेंस स्वयंसेवक का पदनाम बदल कर कॉन्स्टेबल करने, सिविल डिफेंस को एस.डी.आर.एफ. में मर्ज किए जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।

दोनों विधायकों द्वारा आश्वासन दिया गया कि राज्य सरकार के स्तर पर चर्चा कर बहुत जल्द ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वहीं पीसीसी चीफ डोटासरा ने सिविल डिफेंस के खोज और बचाव कार्यों की भी सराहना की है।

इस दौरान अध्यक्ष विनोद गोदारा, सरंक्षक कैलाश मीणा, विकास रुहेला, विजेंद्र ढाका, रमेश कुमार, कमलेश शर्मा, सांवरमल निठारवाल, मनोज कुमार, किशोर कुमार, सुभाष निठारवाल, राजकुमार, नितीश मील, रवि सैन, सुरेश कुमार, विकास सैन, हर्षित चलका, रजनीश कुमार, संदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार, श्रवण कुमार, इंद्राज चौधरी, सुमित्रा कुमारी उपस्थित रहे।

## थानाधिकारी ने किया पदभार ग्रहण

**सितारा न्यूज नेटवर्क**



**वी.पी.मीणा (बहरोड )।** कस्बे के पुलिस थाने में शनिवार को नए थानाधिकारी महेंद्र सिंह यादव ने थानाधिकारी का पदभार ग्रहण किया। यादव जयपुर से स्थानांतरित होकर बहरोड थानाधिकारी के पद पर लगाए गए हैं। थानाधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## भारत विकास परिषद मुख्य शाखा बाड़ी द्वारा बसेड़ी में किया गया तुलसी पौधा वितरण



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा बाड़ी द्वारा मनाए जा रहे संस्कृति सप्ताह के तीसरे दिन 5-8-2023 को बसेड़ी में राम जानकी मंदिर में तुलसी पौधा वितरण किया गया जिसमें महिला प्रमुख रितु सिंघल एवं संस्कृति सप्ताह प्रमुख रेखा मंगल कार्यक्रम संयोजक भावना गर्ग एवं संस्कार प्रमुख भावना शिवहरे एवं महिला सदस्य नीतू सिंघल निर्मला गर्ग सुमन बंसल इंदिरा गोयल विमलेश बंसल दीपा अग्रवाल कल्पना सिंघल पूजा सिंघल पिंकी बिंदल रमा रावत शशि बंसल राधा गोयल माधुरी बंसल मंजू सिंह शिमला मंगल कविता मित्तल हेमलता गोयल रेनू मंगल बसेड़ी से आशा मित्तल बसेड़ी से एवं अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष बसेड़ी से मंजू सिंघल आदि महिलाएं उपस्थित रही ।

राजीव गांधी खेल कूद प्रतियोगिता परवान पर...

## वॉलीबॉल में कलस्टर -14 का दबदबा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राजीव गांधी शहरी ओलंपिक 2023-24 संख्या-43 कि अनु पालना में नगर परिषद के तत्वाधान में क्लस्टर बार खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद ने बताया कि महिला कबड्डी छावनी विद्यालय, पुरुष कबड्डी मोहम्मद अली विद्यालय, टेनिस बॉल क्रिकेट गुरुकुल विद्यालय, राजकीय महाविद्यालय, व नूंदरी मेंद्रातान विद्यालय, बॉस्केटबॉल एवं वॉलीबॉल (महिला एवं पुरुष) सेंटपॉल विद्यालय में आयोजित की गई। इसमें वॉलीबॉल महिला में क्लस्टर -14 की 3523 टीम विजेता रही। क्लस्टर -16 वॉलीबॉल पुरुष में 130349 टीम विजेता रही क्लस्टर-16 क्रिकेट में 19656 टीम विजेता रही इससे पूर्व राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इसमें राजकीय छावनी विद्यालय की बालिकाओं द्वारा लोकगीत एवं लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें लक्षिता एंड पार्टी, तनीषा एंड पार्टी, एकल नृत्य में पियूषा एवं राजस्थानी सामूहिक नृत्य में छवि एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई इस अवसर पर भरत गुर्जर उपखंड अधिकारी मसूदा शिव कुमार दुबे मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मसूदा प्रधानाचार्य अब्दुल हनीफ खान, दिनेश कुमार, महेश शर्मा, नीतू विजय, अर्चना पाटनी, सीमा कृपलानी जिला खेल प्रतिनिधि नरेश कुमार, अलका जिंदल, मीरा वर्मा, आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन गुरुशरण गोयल ने किया।

## ईआरसीपी अलवर सहित 13 जिलों के लिए वरदान साबित होगी : मंत्री जूली



सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा / अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने रविवार को मोती डूंगरी स्थित अपने कार्यालय पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना। मंत्री जूली ने जनसुनवाई में अलवर ग्रामीण विधानसभा सहित जिलेभर से आए व्यक्तियों की बिजली, पानी, सडक सहित अनेक परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन के कार्यों को प्राथमिकता से तय कर निस्तारित करे। उन्होंने कहा कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा लापरवाह अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ईआरसीपी प्रोजेक्ट जिले के लिए बनेगा वरदान

जिले भर से ईआरसीपी प्रोजेक्ट को अलवर से जोड़ने के संदर्भ में मंत्री जूली से मिलने ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे। जूली ने आश्वस्त करते हुए कहा कि राजस्थान के पूर्वी हिस्से सहित अलवर सहित 13 जिलों के लिए ईस्टर्न कैनाल को राष्ट्रीय प्रोजेक्ट लागू करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत केन्द्र को लगातार पत्र लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि नहरों का जाल बिछाकर इस प्रोजेक्ट के जरिये 13 जिलों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार कार्य शुरू कर चुकी है। केन्द्र के असहयोग के बावजूद भी राजस्थान प्रदेश की गहलोत सरकार ने करोड़ो रुपए का बजट पास कर इस योजना को अमलीजामा पहनाए जाने का अभूतपूर्व कदम उठाया है।

## शराब कारोबारी के घर नकबजनी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर।** जोधपुर कमिश्नरेट की माता का थान पुलिस ने नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए घटना में शामिल दो शातिर नकबजन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने जयपुर, हरिद्वार, ऋषिकेश, उत्तराखंड में लगभग 230 होटलों को चेक कर घटना का खुलासा किया। आरोपी ने जेल से जमानत पर छूटने के दिन ही वारदात को अंजाम दिया। इनके कब्जे से पुलिस ने प्रताप नगर से चोरी हुई घटना में प्रयुक्त स्कूटी और चोरी का एक मोबाइल भी बरामद किया है। आरोपियों से अब तक 6 लाख 83 हजार 200 रुपए की राशि बरामद की जा चुकी है। घटना के बाद मुख्य आरोपी उत्तराखंड भाग गया था। बताया जा रहा है कि स्मैक के नशे की तलब पूरी करने के लिए नकबजनी की वारदात को अंजाम देते थे। दरअसल माता का थान क्षेत्र में रहने वाले शराब कारोबारी अपने परिवार के साथ हरिद्वार गए। पीछे से मकान में घुसे चोरों ने अलमारी में रखे लगभग 30 लाख रुपए और सोने के गहने चुरा लिए थे।

कनाडा में वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स -2023 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले...

# स्वर्ण पदक विजेता अजय सिंह डागर का अलवर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**अजय सिंह डागर ने वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स -2023 में 4 स्वर्ण,1 सिल्वर व 1कांस्य पदक पर साधा था निशाना**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रुपेश शर्मा / अलवर।** अलवर आगमन पर कनाडा में वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स - 2023 प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण पदक 1सिल्वर व 1ब्रांज मैडल विजेता अजय सिंह डागर का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया कार्यक्रम संयोजक भविक भाई जोशी ने बताया रेलवे स्टेशन पर सांसद महंत बालक नाथ योगी और भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने माला व दुपट्टा पहना कर स्वागत किया।इस अवसर पर सांसद बालक नाथ ने इसे अलवर के लिए गौरव का विषय और कहा अलवर के युवा ने भारत का नाम विश्व में ऊंचा किया है ये हमारे लिए गर्व का विषय है इस अवसर पर भाजपा नेता जितेंद्र गोयल, भाजयुमो अध्यक्ष तरुण जैन किसान मोर्चा अध्यक्ष गोरधन सिसौदिया, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी कुश कौशिक, जिला पार्षद गगनदीप, पार्षद हेतराम यादव, संजय जसाईवाल, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी यशोधन पराशर, दीपक गुप्ता आदि उपस्थित थे।





भाजपा नेता इंद्र यादव मुंडावर के नेतृत्व में शाल उड़ाकर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया इस अवसर पर धर्मेंद्र यादव ,जयपाल यादव,बजरंग यादव,आदि मौजूद रहे ।अशोका सर्किल पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल ने स्वागत करते हुए कहा अजय डागर ने राखी से पहले भारत की बहनों को भारत को गोल्ड मेडल लाकर उपहार दिया है जिस से हर भारतीय गौरवान्वित है। अशोक सर्किल पर ही युवा खेल विकास समिति के सचिव रजनीश जैमन, पार्षद लोचन यादव ,जितेंद्र राठौड़ ने स्वागत किया, बिजली घर चौराहे पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष प्रियांश अरोड़ा के नेतृत्व में स्वागत किया गया , जाट छात्रावास में युवा नेता संदीप ओला के नेतृत्व में स्वागत किया गया, भगत सिंह चौराहे पर देश राज खरेरा कपिल कश्मीरी के, अंबेडकर चौराया पर एक्सपर्ट क्लासेस के मयंक मेंदीरता के नेतृत्व में , वाई पी सी बास्केट बॉल एकेडमी के बलराम यादव के नेतृत्व में,राव तुला राम सर्किल पर चतर सिंह गुर्जर व छात्र संघ अध्यक्ष धारा सिंह के नेतृत्व में और ,टेल्को चौराहे पर मेवात युवा संगठन द्वारा शाहुन खान के नेतृत्व में स्वागत किया गया इस अवसर पर साहिल खान, सद्दाम हुसैन, आमीन खान आदि मौजूद थे ,कंशिका निवास पर पहल सेवा संस्थान द्वारा संयोजक मनोज चौहान अमित जोगी के नेतृत्व में अजय डागर को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मान किया गया इस अवसर पर रजत ठाकुरिया, सुरेंद्र यादव, मनीष यादव, सोनित यादव, सतवीर गुर्जर अशोक सैन आदि मौजूद रहे ।इस अवसर पर अजय डागर ने कहा कि भारत के लिए खेलना और जितना मेरा सौभाग्य रहा और कृतज्ञ हु अपने गृह जिले वासियों को अग्रज और मित्रो का इस अवसर पर कोच शिंभू दयाल सैनी ने इसे अलवर के लिए इतिहासिक क्षण बताया और कहा जब अजय भारत के प्रतिनिधि के तौर पर खेला तो यकीन था भारत को पहली बार स्वर्ण पदक मिलेगा और अजय ने भारत का नाम रोशन किया।

## गहलोत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बगरू विधानसभा क्षेत्र के घर घर तक पहुंचाएंगे : बलवेन्द्र सिंह

**11 रथों के साथ निकालेंगे जनकल्याणकारी रथ यात्रा**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बगरू(रामफूल मीणा)।** होटल अमर पैलेस अजमेर रोड जयपुर में रविवार को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सरपंच संघ जयपुर एवं जनसेवक बगरू विधानसभा बलवेन्द्र सिंह ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया ।जिसमें उन्होंने बताया कि जननायक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए 11 रथ तैयार करके शीघ्र ही बगरू विधानसभा क्षेत्र में रवाना किए जाएंगे जिससे गहलोत सरकार की योजनाएं घर-घर तक पहुंचे और आम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचे और उन्होंने इस अवसर पर कहा कि में पिछले 8 वर्षों से बगरू विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा हूँ और युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने के लिए क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन कर कांग्रेस की रीति नीति युवाओं तक पहुंचाने का कार्य कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि इस बार राजस्थान एवं बगरू में पिछले समय से चला आ रहा रिवाज बदलेगा, राजस्थान में भी कांग्रेस फिर से सरकार बनाएगी और बगरू विधानसभा में भी एक बार कांग्रेस एक बार भाजपा की जगह इस बार कांग्रेस प्रत्याशी विजय होगा और साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी को बधाई देता हूं कि उन्होंने निडर होकर निरंकुश केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी आवाज उठाते रहे, केंद्र सरकार ने साजिश रचकर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी वह 'बिना डरे' 'बिना घबराए' सत्य के लिए लड़ते रहे और आखिर सत्य की जीत हुई। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सजा पर रोक लगाकर उनके खिलाफ रची गई कुट रचित साजिश का पदार्फाश कर दिया। जिससे राजस्थान के हर कांग्रेस कार्यकताओं में उत्साह का संचार हुआ और सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर विधानसभा चुनाव में जाएंगे तथा प्रचंड बहुमत से फिर से कांग्रेस की सरकार बनाएंगे।



लक्ष्मणगढ एसडीओ के निर्देशन में प्रशासन ने...

## बैसेडी ग्राम के रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण को तहसीलदार व पुलिस प्रशासन ने हटवाया

**प्रशासन के नजर पलटते ही अतिक्रमणकारियों ने फिर से अतिक्रमण कर रास्ता किया बन्द , आमजन परेशान**





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर के लक्ष्मणगढ उपखण्ड क्षेत्र की नारनौल खुर्द पंचायत के बसैडी गांव मे प्रेम चन्द ,बनेसिह पुत्र गोपी राम मीना ने पिछले काफी समय से सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण कर रखा था जो 04 अगस्त 2023 को लक्ष्मणगढ़ उपखण्ड अधिकारी के आदेश की अनुपालना मे तहसीलदार लक्ष्मणगढ द्वारा राजस्व टीम गठित कर थानाधिकारी श्रीराम मीना की पुलिस टीम की सहायता से अतिक्रमणकारियों से सार्वजनिक रास्ते के अतिक्रमण को हटवाया गया और रास्ते के अतिक्रमण को हटाने के बाद ही प्रहलाद सिंह की मरी भैस को 24 घण्टे बाद प्रहलाद सिंह के (अन्य दूसरे जीवित पशुओ के पास) निवास स्थान से सार्वजनिक रास्ते मे होकर ही हटवाया गया । जबकि नारनौल खुर्द पंचायत द्वारा सरपंच शेर सिंह द्वारा बताया गया कि यह भैस 24 घण्टे पूर्व ही मर गई थी ।

सरपंच द्वारा मिडिया को लिखित में अपने लेटरपेड पर प्रेस नोट द्वारा खबर को छपवाने के लिए मिडिया के माध्यम से जिला प्रशासन को अवगत कराने के लिए बताया कि लक्ष्मणगढ प्रशासन ने 04 अगस्त शाम को बसैडी गांव मे सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण हटवा दिया गया गया, लेकिन अतिक्रमणकारियो ने तुरंत बाद ही पुनः सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण कर रास्ते को पुनः बन्द कर दिया गया है ।इसलिए मिडिया के माध्यम से जिला प्रशासन व लक्ष्मणगढ प्रशासन से करबद्ध निवेदन है आप इसे अति आवश्यक समझते हुए जल्द से जल्द अतिक्रमणकारियो के खिलाफ कार्रवाई कर सार्वजनिक रास्ते को खुलवाने का श्रम करे और अतिक्रमणकारियो के खिलाफ अविलंब प्रभावी कार्रवाई की जावे। मिडिया को यह सारी जानकारी नारनौल खुर्द पंचायत सरपंच शेरसिंह द्वारा अपने लेटरपेड पर लिखित में प्रेस नोट देकर दी है जिसके लिए जिम्मेदार भी नारनौल खुर्द पंचायत सरपंच ही रहेगा।

# भाजपा युवा नेता जय आहूजा ने मेवात मे मृतक के परिवार से की भेंट

**जय आहूजा ने मृतक शक्ति सिंह की पत्नी को 11000 रुपये नकद देकर किया आर्थिक सहयोग**

**धर्मांश फाउंडेशन की ओर से मृतक के परिवार को हर माह 11000 रुपये का दिया जाएगा आर्थिक सहयोग**





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रुपेश शर्मा / अलवर ।** भाजपा युवा नेता जय आहूजा जी ने आज हरियाणा मेवात के हतीन पहुँचकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और श्री राम सेना के पदाधिकारी और कार्यकताओं से भेंट कर मेवात मे बर्बर तरीके से हिंदुओ की कलश यात्रा पर हुए हमले मे घायल और मृतक लोगो के परिवार के बारे मे जानकारी ली। हमले मे घायल लोगो के इलाज को लेकर आर्थिक सहायता देने के लिए चर्चा की और मृतक के परिवारों के पालन पोषण को लेकर भी बात चीत की। मेवात मे जो हिंदुओ पर हमला हुआ है उसको लेकर नूह जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग कर हिंदू भाइयो और बस्तियों की सुरक्षा को लेकर बात की।



फिरोजपुर झिरका के निकट भादस गांव के शक्ति सैनी की बर्बर तरीके से हत्या कर दी गई थी जिसके बाद आज मृतक के परिवार से मिलकर उनके दुःख मे शामिल होकर परिवार के लोगो को सांत्वना दी और मृतक की पत्नी जेना सैनी मूल निवासी( इंदपुर रामगढ) को 11000 रुपये नगद देकर आर्थिक सहायता की। धर्मांश फाउंडेशन की और से मृतक शक्ति सिंह की पत्नी को हर माह 11000 रुपये देकर आर्थिक सहायता कर मदद की जाएगी। इस दौरान बजरंग दल हरियाणा प्रांत संयोजक श्री भारत भूषण, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष श्री नवीन राजपूत, श्री राम सेना अध्यक्ष श्री अनिल कौशिक, श्री राम सेना पदाधिकारी श्री राम कुमार, विश्व हिंदू परिषद गौरक्षक श्री फूल सिंह चौधरी, श्री बंटी पंडित, हरिओम चौधरी, शुभम भाटिया साथ रहे।

## रोटरी क्लब अलवर द्वारा निःशुल्क मेडिकल व ब्लड डोनेशन कैंप हुए आयोजित



सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा / अलवर ।** निःशुल्क जीबीक मेडिकल चेकअप कैंप रोटरी सेंटर 1/203 काला कुआं हाउसिंग बोर्ड पर आयोजित किया गया ।जिसमें डॉक्टर हरिसिंह यादव एम एस ऑर्थो, महिला रोग विशेषज्ञ डा शुचि जैन, एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चिराग सेठी ने अपनी सेवाएं दी, जिसमें 70 लोग लाभान्वित हुए इस कार्यक्रम के कार्डिनेटर प्रदीप कुमार व सेंटर कॉर्डिनेटर पुनीत भाटिया रहें। एवम ब्लड डोनेशन कैंप रोटरी ब्लड सेंटर, अंबेडकर नगर अलवर पर प्रोजेक्ट 7 का साथ हर माह में होने वाला कैंप आयोजित किया गया जिसमें 11 लोगों ने रक्तदान किया किसके कॉर्डिनेटर रोटेरियन विकास गुप्ता हैं। इस कार्यक्रम में सुबह रोटरी सेंटर पर दीप प्रज्ज्वलित क्लब अध्यक्ष की माता श्रीमती संतरा देवी ने किया। डॉक्टर्स को रोटेरियन बनवारी लाल सिंघल पूर्व विधायक ने प्रतीक चिन्ह एवम प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोटरियन उपस्थित रहें। आज के कार्यक्रमों में उपस्थित रोटेरियन राजेश सिंघल क्लब अध्यक्ष ने बताया, रचना जैन, नीलू जैन आशीष खंडेलवाल , पुनीत भाटिया, प्रदीप कुमार, शिप्रा वर्मा ,बबीता खंडेलवाल , सुमन यादव ,संगीता हीरावत ,जितेंद्र खुराना, कंचन खुराना, दीपक कट्टा, विकास गुप्ता ,नरेश गोयल, राजेश खंडेलवाल, हेमेंद्र अग्रवाल ,नरेंद्र हीरावत, मनिषा जैन जयंती, आशुतोष शर्मा, निर्मल रुस्तगी ,के.के खंडेलवाल ,सुरेश गोयल, नमित जैन, अशोक जैन आदि मौजूद रहे।





गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# आधुनिक रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित भारत की जरूरत

विकास को गति देना है तो बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर जरूरी है। रेल, रोड, हवाई और जल यातायात के शानदार इन्फ्रास्ट्रक्चर से देश के विकास को पंख लगेंगे। भारत ने अगले 25 वर्ष में विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लिया है। इसकी पहली शर्त वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर है। भारत ने सड़क, एयरपोर्ट, रिवर व सी रूट के साथ रेल नेटवर्क को वैश्विक स्तर का बनाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में सरकार 1309 रेलवे स्टेशनों को कायाकल्प करेगी। पहले चरण में 508 रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण होगा, ये स्टेशन देश के 27 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं। इस पर करीब 25 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। भारत दुनिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्क का संचालन करता है। अधिकांश भारतीय रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर आजादी के पहले का है, इसलिए इसके कायाकल्प की अधिक जरूरत है। अब हाई स्पीड ट्रेन का जमाना है, इसलिए इसके अनुरूप रेल ट्रैक और रेलवे स्टेशन में सुधार जरूरी है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना को लॉन्च किया है। रेल मंत्रालय के अनुसार ए प्लस, ए और बी श्रेणी के स्टेशनों का रिडेवलपमेंट किया जाएगा। पहले चरण में उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 55-55, बिहार में 49, महाराष्ट्र में 44, मध्य प्रदेश में 34, पश्चिम बंगाल में 37, असम में 32, ओडिशा में 25, पंजाब में 22 और गुजरात-तेलंगाना में 21-21, झारखंड में 20, आंध्र प्रदेश-तमिलनाडु में 18-18 स्टेशन, हरियाणा में 15 और कर्नाटक में 13 स्टेशनों को री-डेवलप किया जाएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना में स्टेशन एंट्री, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, लिफ्ट, पार्किंग क्षेत्रों में सुधार, प्लेटफार्म कवर में वृद्धि और एस्केलेटर के अलावा स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई, स्थानीय लोगों के लिए कियोस्क जैसी सुविधाओं में सुधार किया जाएगा। नई योजना में 'एक स्टेशन, एक उत्पाद' योजना के तहत उत्पाद को भी प्रमोट किया जाएगा। देश के अधिकांश रेलवे स्टेशन पुराने ढर्रे के हैं, इनमें सुधार की बहुत जरूरत है। इसको आधुनिक रूप दिया जाना जरूरी है। आजादी के पहले के रेलवे स्टेशन गुलामी की प्रतीक की तरह खड़ी हैं। मोदी सरकार ने देश से गुलामी के सभी प्रकार के प्रतीकों से मुक्ति के लिए प्रयासरत है। इस दिशा में नए संसद भवन समेत अनेक निर्माण हुए हैं। रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास भी इस प्रयास का हिस्सा है। हमारी रेल व्यवस्था अर्थव्यवस्था में भरपूर योगदान करती है। करीब दो करोड़ से अधिक लोग प्रतिदिन रेल से यात्रा करते हैं। रेल नेटवर्क के चलते करोड़ों लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार भी मिलता है। 1309 स्टेशनों के कायाकल्प के दौरान भी करोड़ों घंटे के रोजगार सृजित होंगे। देश में रेलवे के कायाकल्प के लिए तेजी से काम हो रहा है। सरकार का दावा है कि दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन, पोलैंड, यूके और स्वीडन जैसे देशों में जितना रेल नेटवर्क है, उससे ज्यादा रेल ट्रैक हमारे देश में पिछले 9 सालों में बिछाया गया है। दावे से इतर भी देखें तो कोरोना के दौरान ट्रेन बंदी का फायदा रेलवे ट्रैक सुधार के रूप में उठाया गया। पुराने की जगह नए ट्रैक बने, नए रेल रूट बनाए गए, रेल डिब्बों, रेल इंजन आदि में सुधार किया गया। स्वदेशी वंदे भारत ट्रेन चलाई गई। हाई स्पीड ट्रेन धीरे धीरे बढ़ाई जा रही है। बुलेट ट्रेन योजना पर काम हो रहा है। हाइपर लूप ट्रेन प्रोजेक्ट पर गंभीरता से विचार हो रहा है। शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए मेट्रो रेल का विस्तार तेजी से हो रहा है। रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प से सरकारी संसाधनों का बेहतर यूज हो सकेगा। भारतीय रेल बदलाव के दौर से गुजर रही है, आने वाले पांच साल में भारतीय रेल ढांचा वैश्विक स्तर का होगा।

## सारा संसार



भगवान कृष्ण की पत्नी रुक्मिणी को समर्पित यह खूबसूरत मंदिर शहर के बाहर सिर्फ 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। 12वीं सदी में निर्मित इस मंदिर की वास्तुशिल्प को देखकर आपका दिल खुश यकीनन हो जाएगा।

## विश्व हरकरघा दिवस

डॉ. रमेश ठाकुर



# विरासत है 'हथकरघा कारीगरी'

हथकरघा कहें या हस्तशिल्प ये हमारे देशी शब्दावली है जिसका मुख्यः उदगम हिंदुस्तान में ही हुआ, इसका अंग्रेजी वर्जन है, 'हैंडलूम' जिसे आम बोलचाल की भाषा के तौर पर दुनिया अपनाती है। आज विश्व हथकरघा यानी हैंडलूम दिवस है जो हमारे लिए खासा महत्वपूर्ण है। क्योंकि समूचे संसार में भारतीयों के हाथों की हस्तशिल्प विभिन्न कलाकृतियां संसार के कोने-कोने में मशहूर रही हैं, इसलिए आज का दिन हैंडलूम प्रोडक्ट्स और इनसे जुड़े हजारों-लाखों हस्तशिल्प कारीगरों की मेहनत को जनजन तक पहुंचाने का काम करता है। निश्चित रूप से इन कामगारों के काम की सराहना होनी चाहिए और इन्हें बढ़ावा भी देना चाहिए। देखा जाए, तो आत प्रत्येक वस्तुओं में हमें हस्तशिल्प कारीगरी देखने को मिलती हैं। मानव निर्मित वस्तुएं आज मशीनरी पर भारी हैं। बहरहाल, हथकरघा दिवस का मुख्य मकसद इस उद्योग में तेज गति देना है और इससे जुड़े उन तमाम कारीगर व 'बुनकर समुदाय' को प्रोत्साहित करना होता है। राज्य व केंद्र सरकार की कोशिशें हैं कि हथकरघा से बनी वस्तुएं देश तक ही सीमित ना रहें, बल्कि पूरे संसार के इनका विस्तार हो। निश्चित रूप से इस कदम से भारत को अलग पहचान और बुनकर समुदायों को नई ऊर्जा भी मिल सकेगी। हैंडलूम उघोग के इतिहास की जहां तक बात है तो साल-1905 में लार्ड कर्जन ने बंगाल के विभाजन की घोषणा के समय इस दिन को कोलकाता के टाउनहॉल में एक महाजनसभा से स्वदेशी आंदोलन के तौर पर श्रीगणेश किया था। उसके बाद भारत में इस दिवस को मनाया जाने लगा। प्रत्येक वर्ष सात अगस्त की तारीख को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस हम मनाते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि हैंडलूम हमारे गुजरे वक्त और मौजूदा भारत की सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा है और आगे भी रहेगा। भारत में बांस की वस्तुओं की हस्तशिल्प कला तो जग-संसार में विख्यात रही है। इस क्षेत्र में बेहताशा वृद्धि भी हुई है। हालांकि, बीते एकाध दशकों में इस इंडस्ट्री में रोजगार भी खूब बढ़ा है और कारीगरों की स्थिति में सुधार भी काफी हुआ। करीब दो दशकों के मुकाबले इस उघोग ने अब अच्छी तरक्की की है। चाहे शहर-महानगर हो, या कस्बे-गांव, प्रत्येक जगहों पर हैंडलूम उद्योग बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार देने के अलावा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में लगा है। ग्रामीणों के लिए कमाई का अच्छा जरिया बना है। देश के कई राज्य अपने हैंडलूम के लिए ही पहचाने जाते हैं। जैसे, उत्तर प्रदेश के दो जिले बरेली-पीलीभीत की बांसुरी का निर्माण, आंध्र प्रदेश की कलमकारी का जवाब नहीं, गुजरात की बांधनी का पूरे संसार में फेमस है, तमिलनाडु का कांजीवरम, बनारस की जरी और महाराष्ट्र की पैठनी, मध्य प्रदेश की चंदेरी, बिहार का भागलपुरी सिल्क, बंगाल की साड़ियां, ये कुछ ऐसे हैंडलूम हैं, जो हिंदुस्तान ही नहीं, बल्कि समूचे संसार में मशहूर हैं। ये क्षेत्र हमारी जीडीपी में भी अच्छा योगदान देता है, इसलिए केंद्र सरकार इस क्षेत्र को बढ़ाना देना चाहती है, कुछ ऐसी ही सोच लेकर राज्य सरकारें भी आगे बढ़ रही हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)



गतिरोध
सुशील राजेश

# 'अविश्वास' के नाम मानसून सत्र

संसद का मानसून सत्र मणिपुर हिंसा और हत्याओं के मुद्दे की भेंट चढ़ गया। लोकसभा और राज्यसभा में औसतन 10-15 फीसदी ही काम हो पाया। अब लोकसभा में 7 अगस्त, को ही कार्यवाही संभव है। 8-9 अगस्त, को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होनी है। फिर 10 को प्रधानमंत्री मोदी पूरी बहस का जवाब देंगे। मत-विभाजन होगा और संसद को 'अनिश्चितकाल के लिए स्थगित' किया जा सकता है। वैसे भी पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मानसून सत्र की अवधि 11 अगस्त तक ही तय की गई थी। मणिपुर हिंसा के अलावा, दिल्ली सेवा अध्यादेश बिल, मोदी सरकार के प्रति अविश्वास प्रस्ताव पर रोक आदि मानसून सत्र की महत्वपूर्ण घटनाएं रहीं।

यह संसद के मानसून सत्र का अंतिम सप्ताह है। पूरा सत्र मणिपुर हिंसा और हत्याओं के मुद्दे पर धुल गया। सदन में विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के बीच ही मोदी सरकार ने करीब 12 विधेयक ध्वनि-मत से पारित करा लिए। सत्र में कुल 31 बिल पारित किए जाने थे। बेशक संसदीय तकनीकी आधार पर बिल पारित माने जाएंगे, क्योंकि ध्वनि-मत भी संसदीय तरीका है, लेकिन रक्षा, शिक्षा, जन-सरोकार और विश्वास, सार्वजनिक कानून सरीखे विषयों पर न तो कोई बहस हो सकी और न ही संसदीय स्थायी समितियां चिन्तन और विमर्श कर सकीं। संसद ऐसे एकाधिकार को खारिज करने वाली संस्था है। लोकसभा और राज्यसभा में औसतन 10-15 फीसदी ही काम हो पाया। अब लोकसभा में 7 अगस्त, को ही कार्यवाही संभव है। 8-9 अगस्त, को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होनी है। फिर 10 को प्रधानमंत्री मोदी पूरी बहस का जवाब देंगे। मत-विभाजन होगा और संसद को 'अनिश्चितकाल के लिए स्थगित' किया जा सकता है। वैसे भी पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मानसून सत्र की अवधि 11 अगस्त तक ही तय की गई थी।

मणिपुर हिंसा के अलावा, दिल्ली सेवा अध्यादेश बिल, मोदी सरकार के प्रति अविश्वास प्रस्ताव और सर्वोच्च अदालत द्वारा राहुल गांधी की सजा पर रोक आदि मानसून सत्र की सबसे महत्वपूर्ण घटनाएं रहीं। आश्चर्य यह भी रहा कि प्रधानमंत्री मोदी एक बार भी किसी भी सदन में उपस्थित नहीं रहे। विपक्ष ने लगातार यह सवाल उठाया है। माना जा सकता है कि प्रधानमंत्री की स्वदेशी और अंतरराष्ट्रीय व्यस्तताएं काफी रहती हैं, लेकिन उन्होंने भाजपा-एनडीए सांसदों से मुलाकातों के घंटे भी तो निकाले थे। राजस्थान, गुजरात आदि राज्यों में उन्होंने उद्घाटन और शिलान्यास भी किए। चुनावी जनसभाओं को भी संबोधित किया। मैंने संसदीय कवरेज के अपने अनुभव में यह नहीं देखा कि प्रधानमंत्री एक बार भी सत्र के दौरान संसद में मौजूद न रहे हों। देवगौड़ा और गुजराल जैसे प्रधानमंत्री भी संसद में उपस्थित रहते थे। अलबत्ता अब अविश्वास प्रस्ताव पर मौजूद रहना और अंततः बहस का जवाब देना प्रधानमंत्री मोदी की संसदीय बाध्यता है। अविश्वास प्रस्ताव पर किसी भी पक्ष का बोलना, मुद्दे उछालना, 2024 के आम चुनाव की राजनीतिक ज़मीन तैयार करना ही होगा। यदि स्पीकर ने राहुल गांधी की सांसदी बहाल कर दी, तो वह भी अविश्वास प्रस्ताव पर बोल सकते हैं, लेकिन उन्हें तथ्यों पर बोलना होगा। फिलहाल यह मान लेना कि राहुल के दोबारा सांसद बन जाने के बाद उन्हें 'इंडिया' गठबंधन की कप्तानी सौंपी जाएगी अथवा 2024 का चुनाव भी मोदी बनाम राहुल होगा, जल्दबाजी होगी। संसद का मानसून सत्र बुनियादी तौर पर 'अविश्वास' के नाम पर रहा। पहला अविश्वास मणिपुर की हिंसा और हत्याओं को लेकर रहा। विपक्ष ऐसी बहस पर सहमत ही नहीं हुआ, जिसका उपसंहार मत-विभाजन के साथ न होता हो। विपक्ष राज्यसभा में अब भी नियम 267 पर अड़ा है, जबकि सरकार 176 के तहत चर्चा कराने को तैयार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह



और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सदन में भी विपक्ष से अनुरोध किया और निजी स्तर पर फोन करके भी मनाने की कोशिश की, लेकिन विपक्ष अपने नियमों पर अड़ा रहा। हालांकि मत-विभाजन से विपक्ष को कुछ भी हासिल नहीं होना था। अंततः लोकसभा के नियम 198 और संविधान के अनुच्छेद 75 के तहत कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई को 'अविश्वास प्रस्ताव' पेश करना पड़ा। हालांकि विपक्षी गठबंधन के दूसरे प्रमुख दलों के नेता कांग्रेस से नाराज़ हुए कि अविश्वास पर विमर्श क्यों नहीं किया गया? विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव गिरना तय है, लेकिन विपक्ष अपनी दलीलों से एक राजनीतिक संदेश देना चाहते हैं कि देश के हालात क्या हैं? मोदी सरकार को 10 साल के शासन के बाद बदलना क्यों देशहित में है? अविश्वास 'दिल्ली अध्यादेश बिल' को लेकर भी रहा। विपक्ष के लगभग सभी दल इस बिल का विरोध करने पर एकमत थे। चूंकि लोकसभा में सरकार का बहुमत है, लिहाजा बिल एकतरफा पारित हो गया। राज्यसभा में भी सत्ता-पक्ष को आंध्र की वाईएसआर कांग्रेस, बीजद और बसपा का समर्थन भी प्राप्त है, लिहाजा वहां भी बिल के पारित होने के पूरे आसार हैं। विपक्ष इस मुद्दे को संविधान, संघीय ढांचा, न्यायपालिका आदि के उल्लंघन के तौर पर चित्रित नहीं कर सका। दिल्ली एक 'अर्द्धराज्य' है और संघशासित क्षेत्र भी है। दरअसल वह भारत सरकार के अधीन ही है। कोई संघशासित क्षेत्र तो क्या, किसी भी पूर्ण राज्य में, केंद्र सरकार उचित समझे, तो कानून बदल सकती है। संविधान ने उसे यह वर्चस्व दिया है। दिल्ली के संदर्भ में जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल, राजगोपालाचारी, राजेन्द्र प्रसाद और डॉ. अंबेडकर आदि संवैधानिक पुरखों ने तय किया था कि देश की राजधानी में कोई स्थानीय सरकार नहीं होनी चाहिए। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में इस संदर्भ का उल्लेख भी किया। 1991 में अनुच्छेद 239 एए और बीबी के तहत जो व्यवस्था बनाई गई थी, उसमें दिल्ली को चुनी हुई सरकार और विधानसभा तो मिली थी, लेकिन दिल्ली स्वतंत्र और पूर्ण राज्य नहीं बन सकी। इसी व्यवस्था के मुताबिक मदन लाल खुराना से लेकर शीला दीक्षित तक की सरकारें रहीं, लेकिन केजरीवाल की तरह उन्होंने सवाल नहीं उठाए। सर्वोच्च अदालत में भी यह मुद्दा नहीं गया। दरअसल केजरीवाल बेचारगी की राजनीति करते हैं, लिहाजा केंद्र के साथ उनकी ठनी रहती है। अब दिल्ली सेवा बिल के कानून बनने के बाद दिल्ली की मालिक केंद्र सरकार हो जाएगी। यह विवाद सर्वोच्च अदालत में भी है, उसके फैसले की भी प्रतीक्षा है।

राहुल गांधी ने 'मोदी सरनेम वालों को चोर' मानते हुए जो मानहानि की थी, उस मुद्दे पर सर्वोच्च अदालत ने सजा पर रोक लगा दी है। इस संदर्भ में निचली अदालत ने दो साल की अधिकतम सजा सुनाई थी, जिसे आधार बना कर राहुल की सांसदी समाप्त कर दी गई थी। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत और उच्च न्यायालय से सवाल किया है कि राहुल को अधिकतम सजा किन आधारों पर दी गई। यह किसी की सांसदी खारिज होने का मामला नहीं है, बल्कि एक क्षेत्र का मताधिकार और प्रतिनिधित्व छीन लिया गया है। लोकतंत्र में ऐसा संभव नहीं है। शीर्ष अदालत ने राहुल को भी नसीहत दी है कि वह सोच-समझ कर सार्वजनिक भाषण दें। उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि के कुछ और मामले भी विचाराधीन हैं। अब राहुल गांधी की सांसदी बहाल होने के बाद कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन के दिन बहुर जाएंगे, ऐसा नहीं है, लेकिन उत्साह का नया संचार तो होगा। यह निर्णय भी सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ अविश्वास ही है। अब 2024 के आम चुनाव से पहले संसद का शीतकालीन सत्र ही शेष है। कुछ राज्यों में चुनाव होने हैं। देखते हैं कि अविश्वास की राजनीति कहां तक चलती है और जनता का विश्वास किसे हासिल होता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# चेतना की चौथी अवस्था है शिव तत्व



संकलित
## दर्शन

शिव को अनुभव करने का प्रयास न करें। आपको बस उस पल में मौजूद रहना है और निश्चिंत रहना है, शिव तत्व पहले से ही वहां मौजूद है। हमारी चेतना की 3 अवस्थाएं हैं-जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति और चेतना की एक चौथी अवस्था भी है, जहां हम न तो जाग्रत होते हैं, न स्वप्न देखते हैं और न ही सोते हैं। इसका अनुभव ध्यान में होता है। उस चौथी अवस्था की झलक को ही शिव तत्व कहा जाता है। उपनिषद कहते हैं शिवम, शांतम, अद्वैतम, चतुर्थम, मन्यन्ते, सा आत्मा, सा विज्ञेय। अर्थात शुभ, शांतिपूर्ण चौथी अवस्था, जहां दो नहीं हैं, वह तुम्हारा स्वरूप है, वही जानने योग्य है। आपको क्या लगता है कि आप क्या हैं? आप केवल एक नाम नहीं हैं, मात्र एक रूप नहीं हैं। आप वह प्रकाशमान चेतना हैं जो शिव तत्व है। शिव का मंदिर पत्थरों से नहीं मनुष्य की चेतना से बना है। वह जो संपूर्ण ब्रह्मांड को समाहित करता है, वह सत्ता जिसमें हर जीवन समाया है, वह रहस्यमय शिव तत्व है। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है। यह ब्रह्मांड संघर्ष या कष्ट नहीं दे रहा है; यह हर क्षण उत्सव मना रहा है। ये आनंद है, जो यह नहीं जानता, वह दुःखी होता है, निराश होता है, पीड़ित होता है। जो यह जानता है कि यह संपूर्ण सृष्टि एक नृत्य है, उसे आनंद मिलता है। यह सत्य शिव तत्व है।

# शिव जी के अंशावतार हैं हनुमान जी



संकलित
## प्रेरणा

शिवजी के 19 अवतारों में से एक अवतार है हनुमान। इसे शिवजी का अंशावतार माना जाता है। त्रेता युग में जब रावण का आतंक बढ़ गया, तब विष्णुजी राम अवतार लेने वाले थे। उस समय सभी देवताओं ने श्रीराम की सेवा और मदद करने के लिए अलग-अलग अवतार लिए थे। शिवजी ने श्रीराम के परमभक्त हनुमानजी के रूप में अवतार लिया था। जब श्रीराम अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे। उनका यज्ञ घोड़ा घूमते-घूमते देवपुर नगर पहुंचा। उस नगर के राजा थे वीरमणि। वीरमणि शिव भक्त थे। राजा के पुत्र रुक्मांगद ने यज्ञ के घोड़े को बंदी बना लिया था। जब ये बात जब श्रीराम के भाई शत्रुघ्न को मालूम हुई तो उन्होंने देवपुर पर आक्रमण कर दिया। शत्रुघ्न और वीरमणि की सेना का युद्ध शुरू हुआ तो हनुमानजी भी वीरमणि की सेना खत्म करने लगे। राजा की हार होती देखकर शिवजी राजा की ओर से युद्ध करने लगे। युद्ध में जब शिवजी और हनुमानजी का सामना हुआ तो हनुमानजी ने उनसे पूछा कि आप तो राम भक्त हैं। फिर हमसे युद्ध क्यों कर रहे हैं। शिवजी ने कहा कि मैंने राजा वीरमणि को उसके राज्य की रक्षा करने का वचन दिया है, इसलिए मुझे राजा की ओर से युद्ध करना पड़ रहा है, वह मेरा प्रिय भक्त है। शिवजी और हनुमानजी के बीच युद्ध हुआ, लेकिन जब शिवजी पराजित नहीं हुए तो उन्होंने श्रीराम का स्मरण किया। जब श्रीराम युद्ध में पहुंचे तो शिव राजा वीरमणि के साथ श्रीराम की शरण में चले गए। इस तरह ये युद्ध शांत हो गया।

## सटाका




## आज की पाती

### हेट स्पीच क्यों?

सुप्रीम कोर्ट हेट स्पीच को रोकने के लिए हमेशा ही गंभीर दिखा है। इसके लिए समय समय पर आदेश भी सरकारों को जारी किए हैं। वर्ष 2023 यानी इसी वर्ष अप्रैल में भी सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कहा था कि वो हेट स्पीच के लिए कठोर कदम उठाएं और हेट स्पीच देने वालों के खिलाफ बिना किसी धर्म की परवाह किए, सख्ती की जाए ताकि हमारे देश की धर्मनिरपेक्ष छवि खराब न हो। अब हरियाणा में जो हिंसा हो रही है, उस पर हेट स्पीच देने वाले लोगों के प्रति भी सख्ती से निपटने का आदेश दिया है। हमारे देश में राजनेताओं की विवादित, दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली और बेतुका बयानबाजी समय-समय पर सुनने को मिलती है। अब वक्त आ गया है कि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

*- मंगेश मोडक, दुर्ग*

## ट्रेंड

### करदाता जानते हैं



आज भारत के मेहनती करदाताओं को पता है कि उनकी मेहनत की कमाई लूटी नहीं जा रही है। इसके बजाय, इसे राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाने और 'जीवन जीने में आसानी' को बढ़ावा देने के लिए खर्च किया जा रहा है। यह मोदी की गारंटी है

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### हिरोशिमा के लोगों के साथ



78 साल पहले एक परमाणु हथियार ने हिरोशिमा को जलाकर राख कर दिया था। मैं हिरोशिमा और हिबाकुशा के लोगों के साथ खड़ा हूं जो यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं कि परमाणु हथियारों का दोबारा प्रयोग न किया जाए।

**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### सत्य की जीत



सत्यमेव जयते! बधाई! नेशनल आइकॉन, 'भारत जोड़ो यात्रा' के 'हीरो' राहुल गांधी। यह 'भारत' की सत्य, लोकतंत्र, संविधान की जीत है, और सबसे अंत में राहुल गांधी की जीत है। उनकी पूरी टीम. हमें सशक्त महिला, हमारी बंगाल शेरनी, सच्चे अर्थों में जनता की नेता, को नहीं भूलना चाहिए।

**-शत्रुघ्न सिन्हा, टीएमसी नेता**

### मुझे भी सेंड करना




पुराने जमाने में जब कोई अकेला बैठकर हंसता था, तो लोग कहते थे कि इसपर कोई भूत-प्रेत का साया है..!! आज कोई अकेले में बैठकर हंसता है, तो हम कहते हैं मुझे भी सेंड कर देना।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**




## करंट अफेयर


# किम ने किया हथियार फैक्टरियों का दौरा



उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने तोपखानों और परमाणु संपन्न बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए प्रक्षेपण यान बनाने वाली फैक्टरियों समेत देश के अहम हथियार उत्पादन केंद्रों का दौरा किया और अपनी सेना को आधुनिक हथियारों से लैस करने के प्रयास तथा युद्ध से जुड़ी तैयारियां तेज करने का संकल्प लिया। किम का यह तीन दिवसीय दौरा ऐसे वक्त में हुआ है, जब उत्तर कोरिया के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए अमेरिका और दक्षिण कोरिया इस महीने संयुक्त सैन्य अभ्यास के अगले चरण की शुरुआत के लिए तैयार हैं। उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण और अमेरिका-दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों के कारण कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव उच्च स्तर पर है। किम इन सैन्य अभ्यासों को आक्रमण का अभ्यास बताते हैं। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि किम का हथियार फैक्टरियों का दौरा रूस के साथ संभावित सैन्य सहयोग से जुड़ा हो सकता है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अन्य देशों से यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में सहयोग देने की अपील की है, जिसके तहत उत्तर कोरिया मॉस्को को हथियार और गोला-बारुद की आपूर्ति कर सकता है।

## ऑफ बीट

# ऑनलाइन डेटिंग करने वाले वयस्कों की संख्या बढ़ी



इंटरनेट ने डेटिंग के तरीके में बड़ा बदलाव किया है और कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद अपने आदर्श साथी को खोजने के लिए डेटिंग ऐप का इस्तेमाल करने वाले अमेरिकी वयस्कों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। इन ऐप के कारण प्रेमियों के लिए एक-दूसरे से बातचीत करना सुविधाजनक हो गया है, लेकिन इनकी वजह से ऑनलाइन रोमांस से जुड़े धोखाधड़ी के मामले भी बढ़े हैं। अपराधी फर्जी प्रोफाइल बनाते हैं और पैसे ऐंठने के लिए किसी झूठी तत्काल आवश्यकता का हवाला देते हैं। संघीय व्यापार आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 में लगभग 70,000 अमेरिकी ऑनलाइन रोमांस से जुड़ी धोखाधड़ी के शिकार हुए और उनसे कुल 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि ठगी गई। ऐसे मामलों में अपराधी सोच-समझकर बनाई गई ऑनलाइन सोशल इंजीनियरिंग तकनीक के जरिये लोगों को ठगते हैं। कोई मनोवैज्ञानिक रणनीति बनाकर लोगों से काम कराने या उनसे गोपनीय जानकारी हासिल करने को 'सोशल इंजीनियरिंग' कहते हैं। बातों के आधार पर वे अपनी रणनीति बदलते हैं और लोग खुद को उनके जाल में फंसने से कैसे बचा सकते हैं?

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## महावीर इंटरनेशनल संस्था के अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव व पदाधिकारियों का हुआ सम्मान




सितारा न्यूज नेटवर्क

**कुचामनसिटी(अनिल सिखवाल)।** महावीर इंटरनेशनल संस्था के द्वारा रविवार को कुचामन पुस्तकालय के हॉल में अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अशोक कुमार गोयल, संरक्षक वीर पदम चन्द जैन, जॉन अध्यक्ष वीर अशोक कुमार गदिया, जॉन सचिव वीर विजय चोरड़िया, जॉन उपाध्यक्ष वीर प्रेम चन्द जैन, जोन कोषाध्यक्ष वीर विनय कुमार जैन गवर्निंग काउंसिलिंग मेम्बर्स वीर सुभाष पहाड़िया ने भगवान महावीर के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर, प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । मंचासीन पदाधिकारियों का माला साफा तिलक करते रामावतार गोयल, अजित पहाड़िया, आनन्द सेठी, विकास पाटनी, सरोज पाटनी शारदा वर्मा व संस्था सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुचामन नगर परिषद उप सभापति हेमराज चावला, प्रतिपक्ष के नेता अनिल सिंह मेड़तिया, जैन समाज के सुमेरमल बज, लायंस क्लब फोर्ट के राम काबरा, लायंस क्लब कुचामन के चेतन खाल्डका, श्याम सुंदर सैनी, भारत विकास परिषद के गोविंद राम चौधरी, वेश्य समाज के मुरलीधर गोयल, अग्रवाल समाज के मुरलीधर स्नेही, पेंशनर समाज से जीवण सिंहजी, गायत्री परिवार से जितेन्द्र सिंह राजपुरोहित, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खारिया के प्रधानाचार्य दिनेश लाडना का संस्था सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया।अंतरराष्ट्रीय महासचिव द्वारा नए सदस्य बनने पर रमेश चन्द जैन, उत्कर्ष पहाड़िया, दिनेश लाडना, अमित पहाड़िया, अभिषेक पाटनी, व पत्रकार का तिलक माला से स्वागत किया गया ।कार्यक्रम में संस्था के वीर वीरा यूथ के सभी सदस्य उपस्थित रहकर कार्यक्रम में सहयोग किया मंच संचालन ओमप्रकाशज सेन ने किया।

## बहरोड़ पालिका प्रशासन अलर्टः दुकानों के बाहर से हटाया अस्थाई अतिक्रमण




सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा /बहरोड़ ।** नगर पालिका के द्वारा रविवार को अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। अतिक्रमण को हटाने में दुकानदारों और बाशिंदों ने मदद की। नगरपालिका की दो जेसीबी मशीनें रविवार को सुबह से ही कस्बे के नया बस स्टैंड पर दुकानों के बाहर स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण को हटाने में लगी रही। वही दुकानों के बाहर अस्थाई अतिक्रमण किए गए सामान को भी जब्त किया गया। नगर पालिका के द्वारा दुकानदारों एवं वाशिंदों को नोटिस दिया गया। जिन्हें अपने स्तर पर ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए।

दुकानों के बाहर नाले पर किए गए अतिक्रमण को एक सप्ताह पहले ही हटाया जाना था। लेकिन कुछ लोग नगरपालिका अध्यक्ष सीताराम यादव से मिले और कुछ दिन का समय मांगा गया। अध्यक्ष ने सभी को अपने स्तर पर अतिक्रमण हटाने के लिए कह दिया। रविवार को अचानक से नगर पालिका के कर्मचारी जेसीबी मशीन लेकर दुकानों के सामने नाले पर किए गए अस्थाई एवं स्थाई अतिक्रमण को हटाना शुरू कर दिया। जिससे दुकानदारों में हड़कंप बच गया। किसी तरह का विवाद ना हो और कानून व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए मौके पर पुलिस का जाब्ता तैनात किया गया है। दरअसल नगर पालिका के द्वारा वर्षों के बाद स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण हटाने के करवाई की गई है।

पालिका के द्वारा समय-समय पर कार्रवाई नहीं किए जाने से दुकानदारों के द्वारा अपने प्रतिष्ठानों के सामने स्थाई अतिक्रमण कर नाले को ढक दिया गया। जिस पर लेंटर डालने के साथ सड़क के पानी की निकासी को भी बंद कर दिया गया। ऐसे में बारिश का पानी सड़कों पर कई दिन तक भरा रहता है। दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों के सामने भरे हुए पानी का समाधान करते हुए कंक्रीट और मिट्टी डालकर उसे आवागमन के लिए ऊंचा कर लिया गया। ऐसे में थोड़ी सी बारिश होने पर पानी की निकासी नहीं होने से कई दिनों तक सड़क पर भरा रहता है। जिससे पैदल लोगों को निकलना भी दूभर हो जाता है। अब नगर पालिका सड़क किनारे डाले गए मलबे को हटा रही है।

### पीएम ने किया वर्चुअल शिलान्यास

## रींगस रेलवे स्टेशन का 17 करोड़ की लागत से होगा पुनर्विकास

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस (अरविन्द कुमार)।** रींगस रेलवे स्टेशन का अमृत भारत योजना के तहत 17.4 करोड़ की लागत से पुनर्विकास होगा, रेलवे स्टेशन पर होने वाले विकास कार्यों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल शिलान्यास किया गया। रींगस रेलवे स्टेशन पर शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन स्वतंत्रता सेनानी कालीदास स्वामी के सानिध्य में किया गया, जिसमें मंचस्थ रहे पूर्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री बंशीधर बाजिया, पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा, उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल, नगर पालिका अध्यक्ष हरिशंकर निठारवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र भातरा, जिला परिषद सदस्या प्रियंका बाजिया, वीना वर्मा द्वारा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। गौरतलब है कि भारत के प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल शिलान्यास के माध्यम से देश के 508 रेलवे स्टेशनों को पुनर्विकास की सौगात दी गई है। जिनमें राजस्थान के 55 रेलवे स्टेशन शामिल है।

सीकर जिले के चार रेलवे स्टेशन सीकर, फतेहपुर, नीमकाथाना व रींगस अमृत भारत योजना के तहत लाभान्वित होंगे। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बोदूराम कुमावत, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एडवोकेट गिरिराज सिंह तंवर, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश कोरखन्या, महामंत्री एडवोकेट दीपक बाजिया, वरिष्ठ भाजपा नेता मूलचंद जांगिड़, पार्षद मोतीराम बावलिया, बीरबल निठारवाल, संजय डाकवाला, ओमप्रकाश शर्मा, मालीराम कुमावत, विजय भातरा, बाबूलाल अग्रवाल, सुरेश खरेशिया, राकेश राइका, विकास शर्मा सहित रेलवे के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### बगरू विधानसभा क्षेत्र के निवासियों की खुशहाली कामना की

# लिया आशीर्वाद : बगरू विधानसभा की समाज सेविका डॉ. कंचन सोरल ने लिया शुभाशीष

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बगरु/सलमान पठान।** कहते है सावन में भक्ति करने का एक अलग ही मजा है, इसी क्रम में श्रावण मास में डॉ. कंचन सोरल समाज सेविका कई महिलाओं के साथ बगरू विधानसभा के बाला बाला, तेजा वाला, चारणवाला, मुहाना, महापुरा इत्यादि गांव में स्थित मंदिरों में देव दर्शन कर इष्ट देव का आशीर्वाद लिया। धार्मिक समारोह में डॉ. कंचन सोरल ने अपने समर्थकों सहित शामिल होकर भगवान शिव के आगे नतमस्तक होकर उनका आशीर्वाद लिया। बगरू की जनता ने डॉ. कंचन को सम्मानित भी किया गया। उन्होंने बधाई आशीर्वाद देते हुए कहा कि हर तरफ शांति और समृद्धि हो। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से सभी के सुख और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। डॉ. कंचन ने आशा जताई कि सावन का यह पावन महीना मजबूत कर देश के लोगों के जीवन में नई उमंग और उत्साह का सृजन करने में सहायक सिद्ध होगा। इसी के साथ बगरू विधानसभा क्षेत्र के निवासियों की खुशहाली की कामना की।

**समाज हित कार्यो के लिए भी ग्रामीणों से हुई रूबरू**





### पुलिस थाना चौमूं जिला जयपुर पश्चिम की बडी कार्यवाही

# दुष्कर्म के अभियुक्त को पुलिस ने महज 24 घंटो में किया गिरफ्तार

**मुल्जिम पीड़िता की अश्लील फोटोज वीडियोज वायरल कर ब्लैकमेल करने की दे रहा था धमकी**

### मुल्जिम पीडिता को डरा धमका कर कई बार ले गया होटल,पीड़िता के साथ किया दुष्कर्म



सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर।** चौमूं थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए रविवार को दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को महज 24 घंटों में तलाश कर गिरफ्तार कर लिया । चौमूं थानाधिकारी अमित कुमार शर्मा के निर्देश पर स्पेशल टीम के हेड कांस्टेबल ख्यालीराम व कांस्टेबल अनूप कुमार ने इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देते हुए आरोपी को ग्राम कालाडेरा से गिरफ्तार किया हैं। थानाधिकारी अमित कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़िता ने चौमूं पुलिस थाने में 4 अगस्त को एक तहरीरी रिपोर्ट इस आशय से दर्ज करवाई । रिपोर्ट में पीडिता ने बताया कि वर्ष 2019 में हमारे घर के मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया और वह बोलने लगा कि मैं तुझे और तेरे परिवार को जानता हूं। जैसे मैं कहूं वैसा करना है, अन्यथा तेरी बहिनों पर तेजाब डालकर जला दूंगा। पीडिता युवक की धमकियों से डर गई और इस दौरान धमकी देकर वर्ष 2019 में जबरन बंजारा होटल चौमूं में ले गया। जहां पर पीड़िता को युवक रामकरण ने नशीला पदार्थ पिलाकर अश्लील फोटो वीडियो बना लिए और अश्लील फोटो वीडियो दिखाकर पीड़िता की इच्छा के विरुद्ध जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया व किसी को बताने पर बहिनों के ऊपर तेजाब डालकर और अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता रहा। आरोपी रामकरण ने कई बार पीड़िता को बंजारा होटल में ले जाकर जबरन बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई और इस दौरान रामकरण ने गर्भनिरोधक दवाई देकर पीड़िता का गर्भपात करवा दिया। 2 जुलाई 2023 को रामकरण ने पीडिता को बंजारा होटल में ले जाकर बलात्कार किया और मारपीट की घटना को अंजाम दिया । 25 जुलाई 2023 को रामकरण पीड़िता के घर पर गया और चाकू लहराते हुए परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगा व गाली गलौज करने लगा । साथ ही अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा,पीड़िता ने रिपोर्ट में आगे बताया कि मेरी बहिनों पर भी तेजाब डालकर जलाने की धमकी देने लगा। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी रामकरण सालोदिया (31) पुत्र शिंभूदयाल सालोदिया (रैगर) निवासी डाबर कॉलोनी कालाडेरा को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस गहनता से अनुसंधान कर पूछताछ करने में जुटी हुई है।

### मीडिया से मुलाकात...

## दिया आशिर्वाद : श्रीधाम वृंदावन से राजस्थान की राजधानी पिंक सिटी में पधारे सदगुरु ऋतेश्वर महाराज

सितारा न्यूज नेटवर्क

ज्योति गुप्ता/जयपुर। श्रीधाम वृंदावन से राजस्थान की राजधानी पिंक सिटी जयपुर के "ग्रैंड सफारी" होटल में पधारे सदगुरु ऋतेश्वर महाराज ने प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आनंदम का नवतेज यहफाउंडेशन राजस्थान के होनहार, मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान करने जा रहा है । महाराज ऋतेश्वर ने प्रेस वार्ता में बताया कि आनंदम नवतेज फाउंडेशन का उद्देश्य अन्य सम्मान समारोह से भिन्न है,उनका उद्देश्य सिर्फ विलक्षणता का सम्मान कर-के इतिश्री करना नही बल्कि समाज में ह्वबाप बड़ा न भईया सबसे बड़ा रुपयाह्व की मानसिकता की जगह इन नेपथ्य में छिपे प्रतिभा सम्पन्न लोगों को, ईमानदारी को , राष्ट्रप्रेम को, अच्छे लोगों को समाज में उच्च नियामक के रूप में स्थापित करना है। गुरुदेव ने उपस्थित पत्रकारों से आह्वाहन किया कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में समाज में ईमानदार,राष्ट्रप्रेम और अच्छे लोगों की कीर्ति को बताने और इस चेतना का विस्तार करने में उनका भी सहयोग आवश्यक है।



मेवात के प्रश्न पर सदगुरु रितेश्वर ने कहा कि स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी भारत के कई हिस्सों को आखिर आज भी संवेदनशील क्यों कहा जाता है? सदगुरु ने भाषा के प्रयोग पर प्रहार करते हुए कहा जहां हत्या आदि की घटनाएं होती ही वास्तव में वह संवेदनशील कैसे हो सकती ही,वह तो महा असंवेदनशील हिस्सा है। इसी के साथ महाराज श्री ने भी अन्य मुद्दो को लेकर बहुत विस्तार पूर्व सघन रूप से बताया। गुरुदेव ने कहा हमें एक भारत, नेक भारत के बनाने का प्रयत्न करना चाहिए।

## जोधपुर में महिलाओं से लूटे बैग और चेन:एक दिन में 3 मामले आए सामने

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जोधपुर।** जोधपुर शहर में महिलाओं के साथ चेन स्नेचिंग और बैग लूट की घटनाएं बढ़ने लगी है। कुछ दिनों पहले चौपासनी में एक महिला से घर के बाहर बैग छीनने की घटना हुई थी। इस घटना के बाद 3 और मामले विभिन्न थानों में दर्ज हुए हैं। पहला मामला पुलिस कमिश्नरेट के रातानाडा थाने का है, जहां प्राइवेट टीचर के गले से मंगलसूत्र छीनने का मामला सामने आया है। थाने में दी रिपोर्ट में अंशु कलावत ने बताया कि वो प्राइवेट स्कूल में टीचर है। घटना के दिन टीचर भास्कर चौराहा रातानाडा में स्कूल की बस का इंतजार कर रही थी। तभी एक बाइक पर आए 2 बदमाश झपट्टा मारकर उसके गले से सोने का एक तोला वजनी मंगलसूत्र छीन कर ले गए। इस दौरान मंगलसूत्र का आधा हिस्सा महिला के गले में रह गया।

दूसरा मामला सरदारपुरा थाने का है। यहां सायमा ने रिपोर्ट देकर बताया कि वह अपनी देवरानी के साथ बाजार आई थी। 3 अगस्त की दोपहर 3 बजे के आसपास अग्रवाल टावर के पास एक दुकान से अपनी देवरानी के साथ निकली थी। थोड़ी दूर पैदल चलने पर 2 लड़के एक्टिवा लेकर आए और उसके हाथ से बैग छीन कर ले गए। बैग में 2 मोबाइल और 5000 रुपए नकदी थे। बदमाशों में एक लड़के ने हेलमेट पहन रखा था ।तीसरा मामला शास्त्री नगर थाने का है। पीड़िता श्रेया लोढ़ा ने बताया कि 5 अगस्त को हनुमंत स्कूल के पास वह अपने ससुराल शास्त्री नगर जा रही थी। अचानक बाइक पर 2 बदमाश आए और उसके हाथ से बैग छीन कर फरार हो गए।

## बी पॉजिटिव एनजीओ ने किया लाईब्रेरी का शुभारम्भ

सितारा न्यूज नेटवर्क

**हिंगोनियां /शंकरलाल कुमावत।** रविवार को बी पॉजिटिव संस्थान ने धोलियों का बास ग्राम में बी पॉजिटिव ज्ञानशाला (लाइब्रेरी) का प्रारम्भ किया। बी पॉजिटिव संस्थान ग्रामीण परिवेश के प्रतियोगी विद्यार्थियों विशेष रूप से बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने व स्थानीय स्तर पर उचित वातावरण व सुविधापूर्ण सुरक्षित अध्ययन केंद्र बी पॉजिटिव ज्ञानशाला (लाइब्रेरी) की शुरूआत की है।

बी-पॉजिटिव ज्ञानशाला में विद्यार्थियों को पूर्णत वातानुकूलित हॉल, सुसज्जित फर्नीचर, निगरानी कैमरा आदि सभी सुविधाओं के साथ समय-समय पर प्रशासनिक अधिकारियों का सानिध्य भी मिलेगा।

ज्ञानशाला का उद्घाटन गांव की प्रतिभाशाली बालिकाओं अंकिता व मुस्कान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गांव की प्रतिभाशाली टोपर विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राज यादव ने विद्यार्थियों से समयबद्ध व नियमित सेल्फ स्टडी के बारे में बताया साथ ही बी पॉजिटिव के कार्यों व आगामी योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। शैतान यादव ने अपने संघर्ष के अनुभव विद्यार्थियों से साँझा किये। ग्रामवासियों ने बी पॉजिटिव पदाधिकारी कन्हैयालाल, मोहन चौरिया, रामगोपाल गीला व भगवान स्याँप का स्वागत किया व आभार जताया। सभी ग्रामीणजनों ने बी पॉजिटिव एनजीओ द्वारा गांव को दी गई सौगात के लिए आभार प्रकट किया। बी पॉजिटिव सदस्य रामनरेशजी यादव ने ज्ञानशाला में 1 वर्ष तक का खर्चा व टैंट, साउंड के खर्च का सहयोग किया है। साफो की व्यवस्था सुरेंद्र रामकुई एवं नाश्ते की व्यवस्था बंसी जी डागर द्वारा की गयी। इन सभी के सहयोग के कारण हमारी प्रथम ज्ञानशाला 198030 रुपये की लागत से खुल पायी है । भगवान सहाय यादव एवं सदस्य लाल चंद यादव ने भवन , उसका पेंट , टॉयलेट आदि का खर्च उठाया है वो अतुलनीय है। गौरतलब है कि बी पॉजिटिव संस्थान कई वर्षो से लगातार रक्तदान शिविरों के आयोजन,मोटिवेशन सेमिनार कार्यक्रम, प्रतिभाशाली जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक संबल,गरीब जरूरतमंद लोगों के दुर्घटना, अग्निकांड, चिकित्सा व प्राकृतिक आपदा में आर्थिक सहयोग के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को निभाता आया है।






# सांस्कृतिक संध्या में झूमे श्रोता, जिला कलेक्टर भी हुए भावविभोर

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में राजीव गांधी शहरी खेल ओलंपिक के शुभारंभ पर आयोजित हुई। सांस्कृतिक संध्या में रींगस की गिरधर एंड पार्टी के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई जिसको देखकर श्रोता झूम उठे ।सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष महादेव सिंह खंडेला, सीकर जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी, एडीएम राकेश कुमार ने शिरकत की। जिनका रींगस उपखंड अधिकारी राकेश कुमार, खंडेला उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता, अधिशासी अधिकारी सीताराम कुमावत द्वारा पौधा भेंट करके स्वागत किया गया। सीकर जिला कलेक्टर ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन को लाभ पहुंचा रही है सरकार की बजट घोषणा के अनुसार 5 अगस्त से राजीव गांधी शहरी ओलंपिक खेलों का आगाज किया गया इसके बाद 10 अगस्त से महिलाओं को निःशुल्क मोबाइल वितरण तथा 15 अगस्त से अन्नपूर्णा फूड पैकेट वितरित किए जाएंगे। राज्य सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाओं को निखार कर आगे बढ़ाया जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दे रहे कलाकार गिरधारी लाल योगी की मिमिक्री की कलाओं को देखकर राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष महादेव सिंह खंडेला, सीकर जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी सहित प्रशासनिक अधिकारी व कस्बेवासी भावविभोर हो गए। सीकर जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी स्वयं मंच पर जाकर कलाकार की पीठ थपथपाई और कलाकार की दिव्यांगता को देखकर सरकारी सहायता के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। सांस्कृतिक संध्या में राजकीय बालिका विद्यालय व पिंक पर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की बालिकाओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉ राशि अग्रवाल व व्याख्याता स्वाति के द्वारा किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार झूंडाराम कुड़ी, रामदेव लुणीवाल, नगर सेठ नाथूलाल काबरा, सीएचसी प्रभारी डॉ विनोद गुप्ता, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र बाजिया, मंडल अध्यक्ष सुरज्ञान धाबाई, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष अशोक कुमावत, रींगस ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष दुलाराम बावलिया, शिक्षाविद प्रदीप शर्मा, रक्षपाल सिंह धायल, कांग्रेस नेता अशोक यादव, सुवालाल धायल, फूलचंद मील, मालीराम खरेशिया, जोरावर सिंह पावंडा, पार्षद महेश अग्रवाल, मोतीराम जांगिड़, अखिलेश भातरा, राकेश भादुपोता, अमित कुमावत, सीताराम कुलदीप, हरदयाल सिंह बलौदा, पार्षद प्रतिनिधि श्रवण सैन, गोगराज भामू, मनोनीत पार्षद भागीरथ बावलिया, लेखाधिकारी शिवपाल सिंह राठौड़, सहायक अभियंता मामराज जाखड़, स्वास्थ्य निरीक्षक मुकेश कुमावत, अग्निशमन प्रभारी कृष्ण कुमार यादव, हंसराज योगी आदि मौजूद थे।






गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### पारीक ने सेवानिवृत्ति पर कार्यालय में व्हीलचेयर की भेंट



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** जिला कोषागार आफिस से बीकानेर के मूलचंन्द पारीक का सेवानिवृत्ति पर अभिनन्दन किया गया। सहायक कनिष्ठ लिपिक की 37 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण ईमानदारी से निभाया। पारीक ने अपनी सेवानिवृत्ति पर कोषागार कार्यालय में रोजाना पेंशन बिल सरकारी कामों से आने वाले बुजुर्गों की परेशानी को ध्यान मे रखते हुए उनकी सुविधा हेतु व्हीलचेयर भेंट की है। अभिनन्दन अवसर पर बालसंत श्रीछैलबिहारी महाराज, संत मनुजी महाराज, शिव पारीक, अशोक पारीक, रविशंकर पारीक, दुर्गेश पारीक, राकेश पारीक, मनोज पांड्या एवं नोमिता पारीक आदि आदि उपस्थित रहे।

### पीएम ने किया अमृत भारत स्टेशन योजना पुनर्विकास कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 508 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल शिलान्यास किया। बीकानेर मंडल के चयनित 21 स्टेशनों में से 10 स्टेशनों लालगढ़, सूरतगढ़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सिरसा, हिसार, भिवानी, सादुलपुर, चूरू और रतनगढ़ में शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए । सभी स्टेशनों पर केंद्रीय मंत्री/सांसद अथवा विधायक, रेलवे के अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

बीकानेर के लालगढ़ स्टेशन पर हुए कार्यक्रम में कानून तथा संस्कृति एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित, अनूपगढ़ विधायक संतोष, मंडल रेल प्रबंधक/ बीकानेर डॉ आशीष कुमार , वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश चंद जेवलिया, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) अमित जैन तथा मंडल के अधिकारी, कर्मचारी, कई जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के आरंभ में मंडल रेल प्रबंधक ने कार्यक्रम में पधारे सभी गणमान्य अतिथियों तथा आमजन का अपने संबोधन से स्वागत किया। रेलवे द्वारा अमृत भारत स्टेशन शीर्षक पर आयोजित चित्रकला, निबंध आदि प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र, छात्राओं को उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मंच पर आसीन अतिथियों ने भी सभा को संबोधित कर प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में हो रहे विकास कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल शिलान्यास एवं संबोधन के पश्चात कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) अमित जैन द्वारा उपस्थित अतिथियों एवं सभी का धन्यवाद व्यापित किया गया।

### बागेश्वर धाम सरकार की अगुवाई करने के लिए प्रयागराज व अयोध्या की पवित्र नदियों का लाया गया जल



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर में बागेश्वर धाम सरकार परम पूज्य संत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से होने वाली श्री हनुमंत कथा की कलश यात्रा के लिए रविवार दिनांक 06 अगस्त रविवार को दुलीचंद खंडेलवाल और अनिल खंडेलवाल द्वारा प्रयागराज से गंगा , जमुना , सरस्वती और अयोध्या धाम से भी पवित्र सरयू नदी का जल अलवर लेकर आए , जिनका अलवर रेलवे स्टेशन पर रामभक्तों द्वारा जोर शोर से भगवान श्री राम और बालाजी महाराज की जयकारे लगाये , बागेश्वर धाम सरकार के जयघोष से स्वागत किया गया। उसके पश्चात जल से भरे कलश को विधि विधान से कार्यक्रम संयोजक रामसेवक किशन गुप्ता को देकर कलश यात्रा राम मंदिर स्कीम 10 अलवर में पूजा आरती कर स्थापित किया गया ' इस अवसर पर राम मंदिर जन्म भूमि क्षेत्र से आए प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर नागराज शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी नागपाल शर्मा माचाड़ी के द्वारा दी गई है।

### खोरा बीसल राजकीय विधालय में ग्रामवासियों ने किया श्रमदान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आमेर तहसील के ग्राम खोरा बीसल खोराजी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को स्थानीय ग्रामवासियों ने मिलकर विधालय परिसर में साफ सफाई कर श्रमदान किया। इस दौरान उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर, सरपंच सुरेन्द्र डाबी, उप सरपंच हनुमान पंचौली, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मोहन डबरिया, दिवान जैन, चन्द्र प्रकाश डबरिया, मोहन कराडिया, दिनेश बासीवाल, शंकर पंचौली, श्रीपाल कराडिया, मुकेश बासीवाल, सुरेन्द्र कराडिया, मुकेश कराडिया, राजेन्द्र कराडिया सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## जारी है कांग्रेस का सदस्यता अभियान

# शानदार छवि : महेंद्र चौधरी का कमाल, 35 भाजपाई कांग्रेस में शामिल

## मिंडा में 35 लोगो ने भाजपा को छोड़ कांग्रेस का थामा दामन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**नावां।** ग्राम पंचायत मिंडा के राजस्व ग्राम बावड़ी का बास में आयोजित सम्मान समारोह में विकास पुरुष महेंद्र चौधरी उप मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार विधायक नावा का स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर ग्रामवासियों ने विधायक का 101 फीट लंबा साफा बंधवाया और 21 किलोग्राम फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम अध्यक्षता सरपंच जोगेंद्र ताकर ने की। सरपंच बोलते हुए मिंडा में किए गए विकास कार्यों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुलवाने के लिए विधायक को धन्यवाद दिया। बावड़ी वासियों ने स्कूल को इंग्लिश मीडियम करवाने, उपस्वास्थ्य केंद्र खुलवाने ,बावड़ी को पटवार मंडल मिंडा में शामिल करवाने सहित विभिन्न मांगो का ज्ञापन दिया और विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए और जल्द ही समाधान का भरोसा दिलाया।विधायक ने बोलते हुए नवा विधानसभा क्षेत्र में 10 कॉलेज खुलवाने, घर घर नल योजना से





हर घर तक पानी पंहुचाने का वादा किया और मिंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हेतु 5.15 करोड़ की स्वीकृत जारी करने पर मिंडा वासियों को बधाई दी।

### इन्होंने थामा कॉंग्रेस का दामन

इसी अवसर पर विधायक के विकास कार्यों से प्रभावित होकर कुल 35 जनों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सीताराम कुलहरी , खींमाराम कुलहरी, शंकर लाल कुलहरी, सुवालाल कुलहरी, मोहनलाल कुलहरी, सोहनलाल कुल्हरी ,रामदेव कुल्हरी, भेरूराम कुलहरी, मेवाराम कुलहरी ,रामचंद्र कुलहरी, मोहनलाल कुलहरी ,गणेशराम कुलहरी, हनुमान कुलहरी,लक्ष्मण राम कुलहरी,डालू राम कुलहरी,सोहनराम कुलहरी, डालू राम कुलहरी,रघुनाथ कुलहरी,रामनिवास कुलहरी,जगदीश कुलहरी,नारायण लाल कुमावत,कालूराम कुमावत, रुपाराम कुलहरी, जैसा राम कुलहरी, लाला राम कुमावत , महेंद्र कुलहरी, राजूराम कुलहरी मुकेश कुलहरी, भंवर कुलहरी आदि ने महेंद्र चौधरी के हाथो कांग्रेस का दुप्पटा ओढ़कर सदस्यता ग्रहण की।सभी ने एक साथ आगामी विधानसभा चुनावों में एक साथ लगकर महेंद्र चौधरी को विजय बनाने की बात कही। महेंद्र चौधरी जिंदाबाद के नारों के साथ विकास पुरुष का सम्मान किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनियां में चल रहे कार्य के वहिष्कार को लेकर नर्सिंग ऑफिसर ने किया संबोधित

सितारा न्यूज नेटवर्क

**मनियां/अंकित गोयल ।** 3 अगस्त से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनियां में चल रहे दो घण्टे के कार्य बहिष्कार को सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सुरेन्द्र मीणा और जीतेंद्र कुमार ने सम्बोधित किया सीनियर नर्सिंग ऑफिसर धनीराम शर्मा ने बताया कि सरकार के ध्यानाकर्षण के लिए लगातार 18 जुलाई से धरना विरोध प्रदर्शन जारी है लेकिन सरकार को जूं तक नहीं रेंग रही है जिला सहसंयोजक केशव देव मल्हैला ने कहा कि यदि सरकार ने हमारी 11 सूत्रीय मांगों का शीघ्रता से निस्तारण नहीं किया तो 23 अगस्त को राज्य भर के नर्सेज द्वारा एक दिन का आकस्मिक अवकाश लेकर राजधानी जयपुर में कूच किया जायेगा और सरकार से आर पार की लड़ाई होगी जिससे जो आमजन को परेशानी होगी उसकी जिम्मेदार राज्य सरकार होगी इस मौके पर नर्सिंग ऑफिसर रामअवतार कुशवाह , राजेन्द्र राठौड़ ,लक्ष्मण सिंह राजपूत, गिर्राज पाठक,धर्म सिंह गुर्जर ,शेर सिंह, रामू सिकरवार, मदन सिंह, राजकुमार गुर्जर , सुगन सोड़वाल, पवन कुमार ,धन सिंह, रचना गोला ,कृष्णा ,कुसुम ,राधा सहित अनेक नर्सेज उपस्थित रहे ।



## साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का हुआ भव्य समापन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर ) ।** शहर के मगध नगर स्थित सामुदायिक भवन में चल रही साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव सप्ताह का विश्राम दिवस रविवार सायंकाल 4:30 बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ । श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव सप्ताह के अंतिम दिन रविवार को व्यास पीठ पर विराजमान पं. रामबाबू शास्त्री ने अपने मुखारविंद से कथाओं में बृज के द्वारिकाधीश की कथाओं के साथ अनिरुद्ध जी के दो विवाह की कथा, भगवान श्री कृष्ण के 16108 विवाह की कथा के साथ पुंडरीक उद्धार, सुदामा चरित्र व्यास पूजन दत्तात्रेय जी महाराज के 24 गुरुओं की कथा व प्रसंग सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए । सुदामा चरित्र का जीवंत दृश्य प्रस्तुत पांडाल में जिस किसी ने भी देखा उन्हीं की आंखों से अश्रु धार बह चली । व्यास पूजा के साथ कथा का विश्राम किया गया ।रविवार को उदयपुरिया के महंत श्री भगवान पुरी जी महाराज भैंसावा मठ से श्री भुवनेश्वर पुरी जी महाराज मोरीजा अवधूत आश्रम से श्री शिव दयाल दास जी महाराज डूंगरी कला से अंतर्राष्ट्रीय थानापति श्री हीरा पुरी जी महाराज ने आकर कथा में आशीर्वचन दिया सभी सहयोग कताओं का व्यासपीठ से सम्मान किया गया ।इस मौके पर रामावतार बटवाल कृपा शंकर शर्मा प्रेम सिंह सोलंकी रामअवतार मिश्रा विजय कुमार शर्मा राजेंद्र कुमार शर्मा अशोक कुमार पारीक अशोक कुमार पाराशर सीताराम दाधीच सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने श्रीमद् भागवत कथा की दिव्य आरती उतारी कथा व्यास पंडित रामबाबू शास्त्री ने दक्षिणा में केवल मात्र तुलसी पत्र लेकर संपूर्ण कथाओं को भगवान को समर्पित कर दियो पंडित रामबाबू शास्त्री ने घोषणा करते हुए कहा कि जीवन में हमेशा गौ सेवा के लिए कथा करते रहेंगे ।





## निजी बस वालों में सवारियों को लेकर हुई मारपीट ,जमकर चले लात घूसें व लाठियां

सितारा न्यूज नेटवर्क

**खाटूश्यामजी।** खाटूश्यामजी कस्बे में प्रतिदिन बिगड़ती यातायात व्यवस्था का आज एक ताजा नमूना सामने आया तोरण द्वार सर्किल के पास जयपुर के लिए सवारी बैठाने के चक्कर में निजी बस वाले आपस में भिड़ गए और एक दूसरे पर लात घूसे व लाठियां से वार कर दिया।अचानक हुई मारपीट से तोरण द्वार से पैदल गुजर रहे श्रद्धालुओं में अफरातफरी मच गई कैसे जैसे श्रद्धालु दर्शनों के लिए निकले। गौरतलब है कि बाबा श्याम की नगरी में निजी बस वाले सवारी लेने के चक्कर में राजस्थान ही नहीं अन्य प्रदेशों के बसें भी अवैध रूप से संचालित हो रही है हालांकि पूर्व जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने परिवहन विभाग को कार्रवाई करने के आदेश दिए गए थे लेकिन मात्र परिवहन विभाग द्वारा खानापूर्ति कर अपनी इति श्री कर लेता है। तोरण द्वार इन दिनों श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ-साथ यातायत की भी भरमार रहती है। न तो यातायात पुलिस वाले कुछ कार्रवाई करते हैं नहीं स्थानीय पुलिस कोई कार्रवाई कर पाती है। जिसका नतीजा आज आपस में मारपीट में देखने को मिला।आखिर उच्च अधिकारी कब अपनी आंखें खोलेंगे तब जाकर ही श्रद्धालुओं को एक राहत भरी सुकून महसूस करेंगे।







## प्रधानमंत्री ने किया रेलवे विकास कार्य का शुभारंभ





सितारा न्यूज नेटवर्क

**बांदीकुई।** अमृत भारत योजना अंतर्गत बांदीकुई रेलवे स्टेशन पर होने वाले विकास कार्य का रविवार सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन किया गया। सांसद जसकौर मीणा ने कहा कि बांदीकुई रेलवे स्टेशन विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन बनेगा। यहां यात्रियों से जुड़ी हुई सभी सुविधाएं स्थापित होंगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने 25 करोड़ रुपये दिए हैं। विधायक जीआर खटाना ने कहा है कि बांदीकुई जंक्शन पर विकास कार्य होने से यहां पर नई सुविधाएं स्थापित की जाएगी। बाहर से आने वाले यात्रियों को इन सुविधाओं का लाभ मिलेगा।इस मौके पर युवा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भूपेन्द्र सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा बैरवा, जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर रतन तिवाड़ी, सत्यनारायण सहारा, एसडीएम नीरज मीणा, डिप्टी एसपी ईश्वर सिंह सहित अन्य मौजुद रहे।

## बिजली आपूर्ति में गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए हो रहा है काम: बेनीवाल

### रोझा मे किया 33/11 केवी जीएसएस का शिलान्यास

**उमेश कुमार मोदी/लूणकरनसर बीकानेर।** लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र में विद्युत तन्त्र में विशेष सुधार के लिए पूर्व मंत्री वीरेन्द्र बेनीवाल व जोधपुर डिस्कॉम (बीकानेर) के मुख्य अभियंता भूपेंद्र भारद्वाज ने बुधवार को रोझा ग्राम पंचायत में 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन का शिलान्यास किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता रोझा सरपंच मैना देवी ने की । पूर्व मंत्री वीरेन्द्र बेनीवाल ने कहा कि रोझा में कुछ समय पहले नवीन जीएसएस स्वीकृत किया गया था, जिसका आज शिलान्यास हुआ है। इसका निर्माण पूरा होने के बाद ग्राम पंचायत रोझा और उसके आसपास आधा दर्जन गांवों के किसानों को फायदा मिलेगा । उन्होंने कहा कि यहां की जीएसएस की मांग को आज पूरा किया गया है और इसकी आवश्यकता भी बहुत थी। वोल्टेज की समस्या से फसलें खराब हो रही थी। इसके बन जाने के बाद कृषि कुओं और घरेलू विद्युत आपूर्ति में गुणात्मक सुधार होगा।





ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्दराम गोदारा ने कहा कि पूर्व मंत्री बेनीवाल क्षेत्र में गांव ढाणी हर घर तक रोशनी पहुंचाने के साथ-साथ निर्बाध बिजली आपूर्ति करने का प्रयास कर रहे हैं । मुख्य अभियंता भूपेंद्र भारद्वाज ने ग्राम वासियों को बधाई दी और कहा कि बिजली का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। आज बिजली के बिना कोई भी काम संभव नहीं। इसके तैयार हो जाने के बाद आस-पास के गांवों को वोल्टेज के साथ विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। इस मौके पर अधिशासी अभियंता मनमोहन सिंह शेखावत सहायक अभियंता रामकुमार बिश्नोई कनिष्ठ अभियंता अमित ओझा उदाणा सरपंच प्रतिनिधि देवीलाल शिल्ला बालादेसर सरपंच प्रतिनिधि पुरखाराम मूण्ड पूर्व पंचायत समिति सदस्य मोतीराम मेघवाल पूर्व पंचायत समिति सदस्य ओमप्रकाश रोझ ग्राम सेवक सोनू सूथार मांगीलाल रोझ मल्लूराम मेघवाल हनुमानराम मेघवाल रामचंद्र मेघवाल गौशाला अध्यक्ष हरलाल रोझ ठाकराम रोझ पृथ्वीराज गोदारा कालूराम रोझ बनवारी गोदारा जगदीश गोदारा मनोहर गोदारा बुधराम सियाग डेलाणा मण्डल अध्यक्ष कालूराम सियाग मुनीराम भादू ओमप्रकाश भादू रीछपाल पूनिया रीछपाल कड़वासरा प्रह्लाद कड़वासरा समाजसेवी राजेश रोझ सरपंच प्रतिनिधि महेश रोझ बूटासिंह बाजीगर दर्शन बाजीगर श्यामलाल बाजीगर मांगीलाल गोदारा मुनीराम गोदारा सहीराम गोदारा ओमप्रकाश गोदारा रामलाल मुनीराम भादरराम व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल ने ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित सीसी ब्लॉक आम गुवाड़ व योग चौक निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया । कार्यक्रम का संचालन मदनलाल रोझ द्वारा किया ।


गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।



# विश्व कप : चार बार का चैंपियन अमेरिका बाहर

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

स्वीडन ने महिला फुटबॉल विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में दो बार की गत चैंपियन अमेरिका को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से शिकस्त देकर बड़ा उलटफेर किया। महिला विश्व कप में चार बार की चैंपियन अमेरिका का यह सबसे खराब प्रदर्शन है। टीम पहली बार टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में नाकाम रही।

नियमित समय में मुकाबला गोलरहित बराबरी पर छूटने के बाद 30 मिनट के अतिरिक्त समय में भी दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रही। इस विश्व कप में यह पहला मुकाबला है जो अतिरिक्त समय में खिंचा। स्वीडन ने इससे पहले 2016 ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में भी पेनल्टी शूटआउट में अमेरिका को हराया था।



### पेनल्टी शूटआउट में हुआ फैसला

पेनल्टी में छह प्रयास के बाद दोनों टीमें 4-4 की बराबरी पर थी। अमेरिका की कैली ओ'हारा इसके बाद गोल करने से चूक गई जबकि लिना हर्टिंग ने गोल कर स्वीडन को क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। अमेरिका की गोलकीपर एलिसा नैहर ने दावा किया कि उन्होंने हर्टिंग के प्रयास को बचा लिया था। लेकिन रेफरी ने इसे लाइन के अंदर करार दिया जिसके बाद स्वीडन के समर्थक स्टेडियम में जश्न मनाने लगे।

### जापान से होगा सामना

स्वीडन क्वार्टर फाइनल में 2011 विश्व कप विजेता जापान से भिड़ेगा। जापान ने शनिवार रात नॉर्वे को 3-1 से हराया था। इससे पहले मैच के नियमित और अतिरिक्त समय में अमेरिका का दबदबा रहा था लेकिन स्वीडन की गोलकीपर और रक्षापंक्ति ने उसके प्रयासों को विफल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

## खबर संक्षेप



### सक्कारी और गॉफ में होगा खिताबी मुकाबला

**वाशिंगटन।** मारिया सक्कारी ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कोको गॉफ से होगा। यूनान की 28 वर्षीय खिलाड़ी सक्कारी ने पेगुला को 6-3, 4-6, 6-2 से पराजित किया। वह पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में भी 4-1 से आगे चल रही थी लेकिन पेगुला ने वापसी करके मुकाबले को तीसरे सेट तक खींच दिया। एक अन्य सेमीफाइनल में गॉफ ने गत चैंपियन ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 6-3, 6-3 से हराया।

### जुडोका जसलीन सैनी डोप परीक्षण में फेल

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के संभावित खिलाड़ियों में शामिल जुडोका जसलीन सिंह सैनी पिछले महीने ताइपे ओपन के दौरान किए गए डोप परीक्षण में प्रतिबंधित दवा के सेवन के दोषी पाए गए।



सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने के शुरू में ताइपे एशिया ओपन में पुरुषों के 66 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले टीम के एक कोच ने कहा, 'वह ताइपे ओपन के दौरान एक अंतरराष्ट्रीय एजेंसी द्वारा किए गए डोप परीक्षण में विफल रहा है। इसलिए वह एशियाई खेलों की टीम में शामिल नहीं होगा।'

### कुलदीप का समर्थन कर रही टीम इंडिया

**प्रोविडेंस।** लेग स्पिनर युज़वेंद्र चहल जानते हैं एकदिवसीय प्रारूप में कुलदीप यादव को उन पर प्राथमिकता क्यों दी जा रही है और



वह एशिया कप और विश्व कप की टीम में जगह बनाने को लेकर चिंतित नहीं हैं। चहल को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला में अंतिम एकादश में नहीं लिया गया था। उन्होंने पहले टी20 मैच में हिस्सा लिया जो इंडियन प्रीमियर लीग के बाद उनका पहला मैच था।

### इंडोनेशिया में 11वें स्थान पर रहे वीर

**जकार्ता।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत इंडोनेशिया ओपन के आखिरी दौर के 16वें होल में बोगी करने के कारण रविवार को यहां



अपना अभियान शीर्ष 10 में खत्म करने से चूक गये। अहलावत 15वें होल के खेल के बाद चार अंडर के स्कोर के साथ अच्छी स्थिति में थे लेकिन 16वें होल में बोगी और 17वें तथा 18वें होल में पार स्कोर के साथ उन्होंने कुल 68 का कार्ड खेला। अहलावत संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर रहे।

## हॉकी : दोनों टीमों ने रक्षात्मक खेल पर जताया भरोसा

# चीन ने कोरिया को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में 1-1 की बराबरी पर रोका

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चीन ने रक्षापंक्ति की शानदार प्रदर्शन के दम पर रविवार को यहां एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के राउंड-रोबिन मैच में मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। जोंगह्युन जांग ने कोरिया के लिए मैच का पहला गोल किया तो वहीं यहां के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में चोंगकोंग चेन ने चीन के लिए बराबरी का गोल दागा। मैच के शुरुआती क्वार्टर में दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर दबदबा बनाने की कोशिश की लेकिन किसी को भी गोल करने में सफलता नहीं मिली। कोरिया ने दूसरे क्वार्टर में 18वें मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और टीम के कप्तान जांग ने इसे गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। दोनों टीमों ने आक्रमण करने की जगह रक्षात्मक खेल पर ज्यादा भरोसा जताया।



**43वें मिनट में चीन ने की बराबरी**

मध्यांतर के बाद खेल ने गति पकड़ी और मैच के इस तीसरे क्वार्टर में चीन ने दबदबा बनाकर कोरिया को चौंका दिया। चीन को आक्रामक खेल का फायदा मैच के 43वें मिनट में मिला जब चेन ने मैदानी गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच मैदान में गहमागहमी हुई और कोरिया के मानजे जुंग को रेफरी ने ग्रीन कार्ड दिखा दिया। मैच के आखिरी क्वार्टर में कोरिया ने वापसी के लिए पूरा जोर लगाया। टीम दो बार बढ़त लेने के करीब पहुंची लेकिन चीन की रक्षापंक्ति ने उसके प्रयास को बेकार कर दिया। चीन का अगला मुकाबला पाकिस्तान से होगा, जबकि कोरिया का मुकाबला सोमवार को मेजबान भारत से होगा।

# नीदरलैंड ने 2-0 की जीत से क्वार्टर में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| सिडनी

नीदरलैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराकर महिला विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

जिल रूर्ड और लिनेथ बीरेनस्टीन ने सिडनी फुटबॉल स्टेडियम में प्रत्येक हाफ में गोल करके 2019 के उपविजेता को अंतिम आठ में जगह दिलाई। टूर्नामेंट में उलटफेर भरी जीत दर्ज करके नॉकआउट चरण में पहुंचने वाले दक्षिण अफ्रीका ने नीदरलैंड को आसानी से जीत दर्ज नहीं करने दी। नीदरलैंड की गोलकीपर डाफ्ने वान डोमसेलर की तारीफ करनी होगी जिन्होंने थेम्बी कगाटलाना के कई हमलों को नाकाम किया। नीदरलैंड क्वार्टर फाइनल में स्पेन से भिड़ेगा लेकिन उसकी स्टार खिलाड़ी वान डी डोन्क दूसरा पीला कार्ड मिलने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाएगी।

### चेन्नईयिन ने आयुष के साथ अनुबंध किया

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने रविवार को इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के नए सत्र से पहले सेंट्रल मिडफील्डर आयुष अधिकारी के साथ अनुबंध करने की घोषणा की। अधिकारी इससे पहले केरला ब्लास्टर्स एफसी की तरफ से खेल रहे थे। चेन्नईयिन एफसी ने बयान में कहा कि नए सत्र से पहले वह क्लब से जुड़ने वाले 11वें खिलाड़ी हैं। दिल्ली में जन्मे अधिकारी ने केरला ब्लास्टर्स की तरफ से आर एफ डेवलपमेंट लीग में एक गोल किया था।

## द हंड्रेड वुमेंस टूर्नामेंट

# मंधाना 500 रन बनाने वाली पहली खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶| लंदन

स्मृति मंधाना की गिनती बेहतरीन खिलाड़ियों में होती है। उन्होंने क्रिकेट की दुनिया में कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। उनके पास वह काबिलियत है कि वो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकें। इस समय इंग्लैंड में द हंड्रेड वुमेंस टूर्नामेंट खेला जा रहा है। मंधाना द हंड्रेड वुमेंस टूर्नामेंट में 500 रन बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं। इस टूर्नामेंट में स्मृति साउदर्न ब्रेव की तरफ से खेल रही हैं। साउदर्न ब्रेव को वेल्स फायर के खिलाफ चार रनों से कराबी हार का सामना करना पड़ा, लेकिन मैच में स्मृति मंधाना ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

वेल्स फायर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए। वेल्स के लिए सबसे ज्यादा रन हेले मैथ्यूज ने बनाए। उन्होंने 65 रनों की पारी खेली। उनकी वजह से ही टीम बड़े स्कोर तक पहुंच पाई। टैमी बेयमाउंट ने 26 रन बनाए। साउदर्न ब्रेव की कोई भी गेंदबाज प्रभाव छोड़ने में सफल नहीं हो पाई। बड़े स्कोर का पीछा करने उतरी साउदर्न ब्रेव की टीम के ओपनर्स ने कमाल का प्रदर्शन किया।

स्मृति मंधाना और डैनी वैयट ने तूफानी पारियां खेली, जब ये दोनों खिलाड़ी बल्लेबाजी कर रही थीं, तब लग रहा था कि साउदर्न ब्रेव की टीम आसानी से मैच जीत जाएगी, लेकिन डैनी 67 रन बनाकर आउट हो गईं, जिसके बाद मैच का रुख बदल गया। इसके बाद मारिया ने 9 रन, च्लो ट्रायन ने 8 रन बनाए। मंधाना अंत तक आउट नहीं हुई और 70 रन बनाकर नाबाद लौटीं, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाईं।

### मंधाना ने बनाया रिकॉर्ड

स्मृति मंधाना ने द हंड्रेड वुमेंस टूर्नामेंट में 500 रन बनाने वाले पहली महिला खिलाड़ी हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर नेट सेवियर ब्रंट हैं। उन्होंने अब तक द हंड्रेड में 497 रन बनाए हैं। मंधाना शानदार फॉर्म में चल रही हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के पहले मैच में भी अर्धशतक लगाया था। उन्होंने मौजूदा सीजन के दो मैचों में 160.25 की स्ट्राइक-रेट से 125 रन बनाए हैं।

## जीपीबीएल प्लेयर्स ड्राफ्ट लीग का आयोजन 27 से

# मंजूनाथ 14.5 लाख में बिके बने सबसे महंगे खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मंजूनाथ 'ग्रां प्री बैडमिंटन लीग' के दूसरे सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में



सबसे अधिक रकम हासिल करने वाले खिलाड़ी बनकर उभरे। इस लीग का आयोजन यहां 27 अगस्त से नौ सितंबर तक होगा। मिथुन को टीम में शामिल करने के लिए बेंगलुरु टाइगर्स ने भी पूरा जोर लगाया लेकिन चेन्नई सुपरस्टार्स ने इस खिलाड़ी के लिए 14.5 लाख रुपए बोली लगाकर बाजी मार ली।

मिथुन आइकन वर्ग के खिलाड़ियों में शामिल थे जिनका आधार मूल्य आठ लाख रुपए था। लीग में शामिल टीमों को दो से अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को चुनने का विकल्प दिए जाने के बाद 15 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का भी चयन किया गया। बेंगलुरु टाइगर्स ने शिन बेक चेओल को दूसरी सबसे बड़ी बोली के साथ टीम में शामिल किया। कोरिया के इस खिलाड़ी के लिए फ्रेंचाइजी ने 14 लाख रुपए खर्च किए। चेओल के हमवतन ली डोंग क्यून को गुजरात लायंस ने 13 लाख रुपए में खरीदा, जबकि विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता बी साई प्रणीत को नॉर्थईस्ट राइनोज ने 10 लाख रुपए में खरीदा। यूक्रेन की पोलीना बुहरोवा ने पांचवीं सबसे बड़ी बोली हासिल की।

जिन्हें मुंबई वॉल्व्स ने नौ लाख रुपए में खरीदा। ड्राफ्ट में आगामी सत्र में आठ टीमों का प्रतिनिधित्व करने के लिए 150 खिलाड़ियों की सूची में से 80 खिलाड़ियों का चयन किया गया। इस नीलामी के लिए 500 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था।

### 35 लाख रुपए का था पर्स

टूर्नामेंट की आठ फ्रेंचाइजी टीमों बेंगलुरु टाइगर्स, हैदराबाद हाउंड्स, चेन्नई सुपरस्टारज, गुजरात लायंस, केरल टस्कर्स, मुंबई वॉल्व्स, पुणे पैंथर्स और नॉर्थईस्ट राइनोज को इस नीलामी में अधिकतम 35 लाख रुपए खर्च करने की इजाजत थी। प्रत्येक टीम में एक आइकन खिलाड़ी, न्यूनतम दो टियर-एक खिलाड़ी, न्यूनतम दो टियर-दो खिलाड़ी और न्यूनतम दो महिला खिलाड़ी होती हैं। इसमें दो से अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को चुनने का विकल्प नहीं होता है।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन में उपविजेता रहे प्रणय

**सिडनी।** भारत के एचएस प्रणय को रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में चीन के वेंग होंग यांग से तीन गेम तक चले रोमांचक मैच में हार का सामना करना पड़ा। केरल के रहने वाले 31 वर्षीय प्रणय ने पहला गेम गंवाने के बाद अच्छी वापसी की लेकिन निर्णायक गेम में वह पांच अंक की बढ़त का फायदा नहीं उठा पाए और विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी वेंग से 9-21, 23-21, 20-22 से हार गए। कोरिया ओपन (2022) और चीन ओपन (2019) का खिताब जीतने वाले यांग ने इस जीत के साथ ही मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में इस भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच इससे पहले केवल एक मुकाबला हुआ था।

# टीम इंडिया लगातार दूसरा मैच हारी वेस्टइंडीज ने 2 विकेट से हराया



**गुयाना।** वेस्टइंडीज ने भारत पर लगातार दूसरी जीत हासिल की है। टीम ने इंडिया को दूसरे टी-20 मुकाबले में 2 विकेट से हराया। इस जीत की मदद से कैरेबियाई टीम 5 मुकाबलों की सीरीज में 2-0 की बढ़त पर आ गई है। मैच गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेला गया। सीरीज का तीसरा मुकाबला भी इसी मैदान पर होगा। रविवार को भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 152 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने 18.5 ओवर में 8 विकेट पर जीत हासिल कर ली। निकोलस पूरन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। आगे फिर फेल रहा टॉप ऑर्डर भारतीय टीम का टॉप ऑर्डर फिर फेल रहा। ओपनर्स इस मुकाबले में भी टीम को उम्मीद के मुताबिक शुरूआत नहीं दिला सके। टीम के टॉप-3 बैटर्स ने महज 35 रन बनाए। भारतीय टीम ने 16 रन के टीम स्कोर पर शुभमन गिल का विकेट गंवा दिया था।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

पवित्र श्रावण मास (द्वितीय) के प्रथम सोमवार की हार्दिक शुभकामनाएं।



# तीन लोगों को 6000 मीटर गहरे समुद्र में ले जाने में सक्षम है पनडुब्बी

## भारत मिशन समुद्रयान के तहत खोजेगा समुद्री रहस्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका, चीन जैसे कई विकसित देशों की तरह अब भारत भी पाताल के रहस्यों को भेदने के लिए पूरी तरह खुद को तैयार कर रहा है। दरअसल आसमान में इतिहास रचने की तैयारी के बाद अब भारत समुद्र की गहराई और वहां छुपी संसाधनों का पता लगाने के लिए पहला समुद्री मिशन शुरू करने वाला है। हाल ही में राज्यसभा में इस बात की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि भारत जल्द ही अपने पहले महासागर मिशन समुद्रयान के तहत मानवयुक्त पनडुब्बी (पनडुब्बी जिसमें इंसान हो) को गहरे समुद्र में भेजने जा रहा है। यह पनडुब्बी तीन व्यक्तियों को समुद्र में 6000 मीटर की गहराई तक ले जाएगी। इस पनडुब्बी का नाम 'मत्स्य 6000' रखा गया है। इस पनडुब्बी के पहले स्टेज का परीक्षण मार्च 2024 तक पूरा हो जाएगा. जिसका मतलब है कि साल 2026 तक 'मत्स्य 6000' तीन भारतीय को महासागर में 6000 मी. की गहराई में ले जाएगी।

**खास बातें**

- प्रथम परीक्षण मार्च 2024 तक पूरा होगा
- 2026 तक जाएंगे समुद्र की गहराई में
- 6000 करोड़ का बजट बनाया है
- तो विकसित देशों में शुमार होगा भारत



### क्या है समुद्रयान मिशन?

यह भारत का पहला ऐसा समुद्री मिशन है जिसमें मानव का समुद्र की गहराइयों में जाना शामिल हैं। इस मिशन का मकसद गहरे समुद्र में संसाधनों और जैव विविधता पर रिसर्च करना है। मिशन की खास बात ये है कि इसमें सबमर्सिबल का इस्तेमाल सिर्फ एक्सप्लोरेशन के लिए किया जाएगा, ताकि पारिस्थितिकी तंत्र को न्यूनतम या शून्य क्षति पहुंचे। फिलहाल इस मिशन पर चेन्नई का राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी) काम कर रहा है।29 अक्टूबर, 2021 को केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस मिशन को लॉन्च किया था। इस मिशन के लॉन्च के साथ ही भारत, अमेरिका, रूस, फ्रांस, जापान और चीन जैसे उन देशों की लिस्ट में शामिल हो गए जिनके पास पहले से ही समुद्र के भीतर गतिविधियों को अंजाम देने के लिए विशिष्ट तकनीक हैं।

### क्यों और कितना जरूरी है ये मिशन

समुद्रयान मिशन के पूरा होना भारत की वैज्ञानिक क्षमता को तो बढ़ाएगा ही, इसके अलावा यह भारत के लिए एक उपलब्धि साबित होगी, जो दुनिया के अन्य देशों के सामने भारत के राष्ट्रीय सम्मान का निर्माण भी करेगा। इसके अलावा अगर भारत इस मिशन में सफल रहा तो भारत भी गहरे समुद्र और संसाधनों की खोज में विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। बता दें कि भारत से पहले कई विकसित देश इस मिशन को अंजाम दे चुका है, लेकिन भारत पहला ऐसा विकासशील देश होगा, जो इस बड़े मिशन को अंजाम देने में कामयाब हो पाएगा।

**समुद्र की गहराई में जाकर क्या करेगी पनडुब्बी**

समुद्रयान मिशन का उद्देश्य गहरे समुद्र में दुर्लभ खनिजों को ढूंढना और उस पर रिसर्च करना है। यही कारण है कि पनडुब्बी पानी के अंदर अध्ययन के लिए तीन व्यक्तियों को 6000 मीटर की गहराई पर ले जाएगा।

### पांचवा सबसे ताकतवर देश होगा भारत

वर्तमान में अमेरिका, रूस, फ्रांस, जापान और चीन इन चार देशों के पास गहरे समुद्र मिशन के लिए विशेष टेक्नोलॉजी है। अगर भारत इस मिशन को पूरा करने में कामयाब होता है तो यह देश पांचवा समुद्र मिशन के लिए विशेष टेक्नोलॉजी वाला देश बन जाएगा।

## खबर संक्षेप

### दक्षिण चीन सागर में भिड़ी फिलीपींस और चीन की सेना



**नई दिल्ली।** चीन और फिलीपींस की सेना दक्षिण चीन सागर में एक दूसरे से भिड़ गई है। दरअसल फिलीपींस का एक रसद आपूर्ति वाली नौका को ड्रैगन ने आगे बढ़ने से समुद्र में ही रोक दिया। फिलीपींस के विरोध करने पर चीनी तटरक्षकों ने वॉटर कैनन से बौछार कर दी। इससे फिलीपींस और चीन में समुद्र के बीच ही भिड़ंत हो गई। फिलीपींस की सेना ने रविवार को विवादित दक्षिण चीन सागर में अपने के कब्जे वाले तट पर नए सैनिकों और रसद की आपूर्ति करने जा रही थी। मगर चीन ने नौका को रोकने के लिए तट रक्षक जहाज से पानी की बौछार कर दी। फिलीपींस ने इसकी निंदा की है।

### लड़कियों के कक्षा 3 से पढ़ाई पर लगा दी रोक



**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान ने नए फरमान के तहत देशभर में लड़कियों के लिए कक्षा 3 के बाद या 10 साल के बाद स्कूल जाने पर रोक लगा दी है। मीडिया रिपोर्ट है कि तालिबान ने महिला अधिकारों पर एक और गंभीर कार्रवाई की है। सूत्रों के अनुसार, अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में तालिबान शासित शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने स्कूलों और अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रमुखों को सूचित किया है कि 10 वर्ष से अधिक उम्र की लड़कियों को प्राथमिक स्कूल में पढ़ने की अनुमति न दी जाए। इस आदेश को लेकर खूब प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। उल्लंघन पर सजा भी हो सकती है।

## यूक्रेन में शांति के लिए सऊदी में मंथन, रूस को किया किनारे

# सऊदी में 30 देशों की बैठक में डोभाल ने कहा- युद्ध का खामियाजा विकासशील देश भुगत रहे

एजेंसी ▶▶ जेद्दा

रूस-यूक्रेन जंग रोकने के प्लान को डिस्कस करने सऊदी अरब के जेद्दा में 30 देशों के प्रतिनिधि इकट्ठा हुए। यह प्लान यूक्रेन ने बनाया है। रूस को इस पर चर्चा करने के लिए नहीं बुलाया गया है। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा- भारत विवाद को सुलझवाने में सक्रिया भूमिका निभाता रहेगा। भारत हमेशा से बातचीत और डिप्लोमेसी के समर्थन में रहा है। शांति हासिल करने के लिए यही इकलौता रास्ता है। विवाद का समाधान निकालने से भारत को जितनी खुशी होगी उतनी संतुष्टि किसी और चीज से नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि समाधान ऐसा होना चाहिए जो रूस-यूक्रेन दोनों को ही मंजूर हो।

> रूस को पर चर्चा के लिए नहीं बुलाया गया है। भारत के एनएसए अजीत डोभाल भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा- भारत विवाद को सुलझवाने में सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा। भारत हमेशा से ही बातचीत का पक्षधर रहा है।

**खास बातें**

- रूस-यूक्रेन जंग रुकने से खुशी होगी : डोभाल
- सऊदी अरब का जंग को लेकर स्टैंड न्यूट्रल रहा



### पीस प्लान पर सहमत नहीं दोनों पक्ष

भारत की तरफ से मीटिंग में शामिल हुए एनएसए डोभाल ने कहा कि कुछ पीस प्लान भी सामने आए हैं लेकिन इससे दोनों पक्ष संतुष्ट नहीं है। मसलन, चीन और हाल ही अफ्रीकी नेताओं ने व्लादिमिर पुतिन को एक शांति प्रस्ताव सौंपा था। इसपर पुतिन ने भी हामी भरी और कहा कि शांति पर बातचीत का एक आधार बनाया जा सकता है। अफ्रीकी नेताओं ने मांग की कि पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वारंट को खारिज किया जाना चाहिए। कब्जे वाले क्षेत्रों पर रूस के कब्जे को मान्यता देने की बात कही. इससे यूक्रेन सहमत नहीं है।

### सऊदी बैठक यूक्रेन की डिप्लोमेटिक कोशिश

दो दिवसीय बैठक यूक्रेन की डिप्लोमेटिक कोशिशों का हिस्सा है, जहां वह पश्चिमी समर्थन के परे उन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से समर्थन की उम्मीद कर रहा है जो इस युद्ध से प्रभावित हैं। खासतौर पर उन देशों से बातचीत की कोशिश है जो अबतक युद्ध में पक्ष लेने के लिए अनिच्छुक रहे हैं। शनिवार को बोलते हुए यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें पता है कि मीटिंग में हिस्सा लेने वाले देशों के बीच मतभेद हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन नियमों पर आधारित एक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बहाल तो की जानी चाहिए।

### सऊदी में ही क्यों हुई बैठक

रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी में पीस समिट करवाकर क्राउन प्रिंस जंग रुकवाने में बिचौलिए की भूमिका निभाना चाहते हैं। इसके लिए जेलेंस्की को सऊदी में हुए अरब लीग के समिट में भी बुलाया था। इस दौरान जेलेंस्की ने अरब देशों से जंग में यूक्रेन का समर्थन करने की अपील की थी। वहीं, सऊदी अरब का जंग को लेकर स्टैंड न्यूट्रल रहा है। इसलिए यूक्रेन ने पीस समिट के लिए जेद्दाह को चुना। जंग रुकवाने के लिए हुई बैठक में चीन भी शामिल हुआ।

### विकासशील देशों पर असर

भारत ने यूक्रेन पर हमला करने पर रूस के खिलाफ सीधे तौर पर कुछ नहीं कहा है। हालांकि, सऊदी में मीटिंग के दौरान डोभाल ने कहा- भारत ऐसे ग्लोबल ऑर्डर (वैश्विक ढांचे) का समर्थन करता है जो अंतरराष्ट्रीय कानूनों और यूएन चार्टर के तहत चले। उन्होंने कहा- भारत सभी देशों की संप्रभुता और अखंडता की इज्जत करता है। किसी देश को इनके उल्लंघन की छूट नहीं दी जा सकती है। डोभाल ने दुनिया पर पड़ रहे जंग के असर की बात भी दूसरे देशों के सामने रखते हुए कहा कि जंग का खामियाजा विकासशील देशों को भुगतना पड़ रहा है। इसके चलते सभी देशों को न सिर्फ जंग रुकवाने बल्कि दुनिया पर पड़े इसके असर को कम करने का भी हल निकालना चाहिए।

### जंग रुकवाने के लिए यूक्रेन की ये हैं शर्तें

- रूस, यूक्रेन से अपने सैनिकों को पूरी तरह से बाहर निकाले।
- सभी यूक्रेनी कैदियों को रिहा किया जाए।
- रूस न्यूक्लियर सेफ्टी और एनर्जी सिक्योरिटी जैसे मुद्दों पर यूक्रेन को गारंटी दे।
- रूसी कब्जे वाले यूक्रेन के इलाके को पूरी तरह खाली किया जाए।
- हालातों पर नजर बनाए रखने के लिए एक ट्रिब्यूनल बनाया जाए।
- रूस जंग की वजह से हुए नुकसान का यूक्रेन को भुगतान करे।
- युद्ध अपराधों के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया जाए।

## कराची जा रही हजारा एक्सप्रेस पटरी से उतरी



# पाकिस्तान में रेल हादसा, 33 लोगों की मौत, 163 घायल

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के नबावशाह जिले में रविवार दोपहर एक रेल हादसे में 33 लोगों की मौत हो गई। 163 लोग घायल हैं। इनमें से 31 की हालत गंभीर बताई गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक- रावलपिंडी से चलने वाली हजारा एक्सप्रेस सहारा स्टेशन के पास पटरी से उतर गई। कुछ बोगियां पलट भी गई हैं और ये पास के एक तालाब में गिर गईं। अब तक 22 लोगों के शव बरामद किए गए हैं। 31 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। अफसरों के मुताबिक- भारी बारिश की वजह से ट्रैक खराब हो गया था और इसी वजह से यह हादसा हुआ।

### जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचे तड़पते रहे घायल

पाकिस्तान के टीवी चैनल के मुताबिक- हादसा रविवार दोपहर करीब दो बजे हुआ, लेकिन काफी देर तक कोई जिम्मेदार अफसर मौके पर मौजूद नहीं था। पुलिस ने कुछ लोगों के साथ मिलकर घायलों को निकाला और उन्हें करीब के अस्पताल पहुंचाया। जिस जगह हादसा हुआ, वहां से कराची 275 किलोमीटर दूर है। रिपोर्ट के मुताबिक- पाकिस्तान में रेल हादसे नई बात नहीं हैं, लेकिन बारिश में ये ज्यादा होते हैं। इसकी वजह ये है कि ज्यादातर रेलवे ट्रैक्स अंग्रेजों की हुकूमत के दौर के हैं और इन्हें न तो कभी अपग्रेड किया गया और न ही नई लाइन बिछाई गईं।

## 804 कैदियों वाले जेल में रह रहे हैं इमरान खान



**एजेंसी,कराची।** तोशाखाना केस में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 804 कैदियों वाली अटक जेल में बंद कर दिया गया हैं। रिपोर्ट के अनुसार इमरान खान के लिए जेल में एक वीवीआईपी सेल तैयार किया गया है। हालांकि इस सेल में कोई एयर कंडीशनिंग सुविधा नहीं है लेकिन एक पंखा बिस्तर और एक टॉयलेट है।बता दें कि इमरान खान पहले पूर्व प्रधानमंत्री हैं जिन्हें अटक जेल में बंद किया गया है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अटक जेल में बंद कर दिया गया हैं। पंजाब प्रांत में बॉर्डर इलाके में स्थित अटक जेल एक ऐतिहासिक जेल है, जहां पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज सुप्रीमो नवाज शरीफ, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी और मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सहित कई नेताओं को रखा गया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के चेयरमैन इमरान खान को तोशाखाना मामले में तीन साल की कैद और 1 लाख जुर्माने की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा वह 5 साल तक किसी भी चुनाव में भाग नहीं ले पाएंगे।

## काठमांडू से हाईजैक हुआ था विमान

# 24 साल पहले हाईजेक हुए विमान की सच्चाई से उठा पर्दा, कई खुलासे हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल के काठमांडू से इंडियन एयरलाइंस के विमान को आतंकियों द्वारा हाईजैक करके पाकिस्तान से दुबई होते हुए कंधार तक ले जाया गया था। इसमें 180 यात्रियों की जान खतरे में थी।

दिसंबर 1999 में इंडियन एयरलाइंस के विमान आइईसी-214 को नेपाल की राजधानी काठमांडू से आतंकियों द्वारा हाईजैन किए जाने की घटना को भला कौन भूल सकता है। उसका वक्त भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई देश के प्रधानमंत्री थे। उन्होंने भारतीय लोगों की जान बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किया था। मगर विमान के हाईजैक होने की असली स्क्रिप्ट कैसे लिखी गई और कैसे उसको अफगानिस्तान ले जाया गया। इससे जुड़े तमाम रहस्य अब तक छुपे रहे। मगर अब घटना के 24 साल बाद विमान अपहरण की इस घटना के रहस्यों से पर्दा उठ गया है।



### पाकिस्तान से दुबई, फिर कंधार ले गए आतंकी

विमान में लगा 'ट्रांसपॉन्डर' नामक उपकरण एटीसी को लोकेशन की जानकारियां उपलब्ध कराता है और उनके अनुसार इस उपकरण की मदद से लाहौर एटीसी को लगा कि वह विमान को आपात स्थिति में उतारने जा रहे हैं। कैप्टन शरण ने कहा, "मुझ पर विश्वास कीजिए, मेरी योजना रंग लाई और मुझे एटीसी से तुरंत संदेश मिला कि रनवे खुला है और हमने वहां विमान को सुरक्षित उतारा।" कैप्टन शरण ने दावा किया कि अपने सह-पायलट और चालक दल को कभी इस गुप्त योजना के बारे में नहीं बताया था।

### पायलट ने किया खुलासा

**पायलट ने खोले हैरतअंगेज राज**

इंडियन एअरलाइंस के विमान आईसी-814 को नेपाल के काठमांडू से हाइजैक किए जाने के 24 साल बाद उसके पायलट कैप्टन देवी शरण ने खुलासा किया है कि उन्होंने विमान को एक राजमार्ग पर आपात स्थिति में उतारने का नाटक कर लाहौर में हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) को डराने की गुप्त योजना बनाई थी। अभी तक ऐसा माना जाता था कि कैप्टन शरण, उनके सह-पायलट राजेंद्र कुमार और फ्लाइट इंजीनियर एके जग्गिया ने पाकिस्तानी प्राधिकारियों के फैसले के खिलाफ जाकर विमान को लाहौर हवाई अड्डे पर उतारने का फैसला किया था। ऐसा करते वक्त उन्होंने एक राजमार्ग को रनवे समझ लिया था, क्योंकि रनवे की लाइट बंद कर दी गई थी। विमान राजमार्ग पर उतरने से बाल-बाल बचा था।

दरअसल, चालक दल को जल्द ही पता चल गया था कि यह रनवे के बजाय राजमार्ग है और उसने तुरंत ऊपर की ओर उड़ान भर ली थी। जग्गिया ने 2003-04 में मीडिया को आईसी-814 के हाइजैक होने की कहानी सुनाते हुए बताया था कि जब एटीसी ने उन्हें हवाई अड्डे पर विमान उतारने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था और रनवे तथा हवाई अड्डे की लाइट बंद कर दी थी, तो उनके पास अंधेरे में रनवे की तलाश करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था, क्योंकि विमान में ईंधन बहुत कम बचा था। जग्गिया के अनुसार, ऐसा करते हुए उन्होंने विमान को एक राजमार्ग पर उतारने की कोशिश की थी, क्योंकि उन्हें आसमान से यह लंबा रास्ता किसी रनवे की तरह लगा था।

**मध्य लंदन में 'साड़ी वॉकथॉन 2023' का आयोजन रंगारंग मार्च में महिलाओं में दिखा भारी उत्साह**

# भारतीय मूल की महिलाओं ने लंदन में मनाया हथकरघा दिवस, देशभक्ति के लगाए नारे

एजेंसी ▶▶ लंदन

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के एक दिन पहले रविवार को भारत के विभिन्न राज्यों की साड़ियों में लिपटी सैकड़ों भारतीय मूल की महिलाएं मध्य लंदन की सड़कों पर उतरीं। साड़ी समूह में ब्रिटिश-भारतीय महिलाओं द्वारा समन्वित 'साड़ी वॉकथॉन' ने ट्राफलगर स्क्वायर में रंगारंग मार्च शुरू किया। यह मार्च रास्ते में डाउनिंग स्ट्रीट के पास व्हाइटहॉल पर कुछ गायन-नृत्य करने के बाद पार्लियामेंट स्क्वायर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास संपन्न हुआ। गुजरात, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, केरल और दिल्ली सहित अन्य राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं ने एक किलोमीटर लंबे मार्ग पर देशभक्ति के नारे लगाए और राष्ट्रगान के साथ अपने वॉकथॉन का समापन किया।

**खास बातें**

- साड़ियों में लिपटी सैकड़ों भारतीय मूल की महिलाएं मध्य लंदन की सड़कों पर उतरीं
- गायन-नृत्य करने के बाद पार्लियामेंट स्क्वायर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास संपन्न

**गुजरात, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, केरल और दिल्ली सहित अन्य राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं हुई शामिल**




### 'ब्रिटिश वूमेन इन साड़ीज' सशक्त महिलाओं का समूह

डॉ दीप्ति जैन ने कहा, 'ब्रिटिश वूमेन इन साड़ीज' सशक्त महिलाओं का एक समूह है जो हथकरघा साड़ियों को प्रदर्शित करने और भारत की अनूठी सांस्कृतिक की पहचान का प्रतिनिधित्व करने में गर्व महसूस करती हैं। यह एक गैर-लाभकारी संगठन है जो हमारी राष्ट्रीय विरासत को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना पसंद करता है और दुनिया भर में हर किसी को इन उत्कृष्ट कृतियों को बुनने के पीछे की मेहनत, हस्तकला और कलात्मकता से अवगत कराता है।

### कलाकारों, बुनकरों को मुकाम तक पहुंचाएंगे: डॉ. हेमा संतोष

केरल की डॉ. हेमा संतोष ने कहा कि इस मार्च के दूत के रूप में हम आभारी हैं कि हमने कलाकारों और बुनकरों को सुर्खियों में लाने और उनकी पहनने योग्य कला को एक ऐसे मुकाम पर पहुंचाने में अपने शुरुआती प्रयासों से अपार सफलता हासिल की है। यहां हर कोई उनके बारे में और अधिक जानने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा, लेकिन हमारा इरादा इसे और अधिक लोगों तक पहुंचाने का है। हमारा इरादा भारत में मदद की जरूरत वाले हथकरघा समूहों की पहचान करना और उन्हें अपना समर्थन देना है। हम अपने हथकरघा, उनके इतिहास और इसके पीछे की कला के बारे में सभी के बीच जागरूकता बढ़ाने का इरादा रखते हैं। यह शांतिपूर्ण साड़ी वॉकथॉन इसे संभव बनाने की एक अन्य पहल है।

### हथकरघा-बुनाई समुदाय को सम्मान का दिन

*बता दें कि राष्ट्रीय हथकरघा दिवस हर साल सात अगस्त को भारत के हथकरघा-बुनाई समुदाय को सम्मान देने के रूप में मनाया जाता है और देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में इस क्षेत्र के योगदान पर प्रकाश डालता है। यह तारीख स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ती है जब महात्मा गांधी ने स्वदेशी उद्योगों और विशेष रूप से हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित करने के लिए 1905 में स्वदेशी आंदोलन शुरू किया था।*

### गूंजे 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे

पारंपरिक परिधानों में मार्च कर रही 500 से अधिक महिलाओं ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' जैसे नारे लगाते हुए पर्यटकों और दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। गरबा और डांडिया से लेकर बॉलीवुड बीट्स तक में उन्होंने कई राहगीरों को भी जश्न में शामिल किया।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com